

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

फतेह में सोनू सूद के साथ नजर ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 17 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 85 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## 70 हजार करोड़ के खर्च से खरीदी जाएंगी हॉवित्जर तोपें और ब्राह्मोस मिसाइलें, रक्षा अधिग्रहण परिषद ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। हॉवित्जर, ब्राह्मोस मिसाइलें, यूएच मेरीटाइम



हेलीकाप्टर आदि खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 70.51 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा क्षेत्र में श्मेक इन इंडियाश के तहत यह बहुत बड़ा कदम है। भारतीय रक्षा बलों के लिए इससे विभिन्न शस्त्र प्रणालियां खरीदी जाएंगी। 70,584 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी: अधिकारियों ने बताया कि 70,584 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने दी। सभी खरीद (भारतीय –स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत की जाएगी। चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लगभग तीन साल के लंबे गतिरोध के बीच नए खरीद प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई।

### भारतीय नौसेना को बड़े पैमाने पर मिलेंगे हथियार

डीएसी ने भारतीय वायुसेना के प्रस्तावों के लिए लंबी दूरी के गतिरोधक हथियार (एलआरएसओडब्ल्यू) खासकर के एसयू–30 एमकेआइ विमानों के लिए तैयार करने को स्वीकृति दी है। 32 हजार करोड़ रुपये के 60 यूटिलिटी हेलीकाप्टर (मेरीटाइम) युद्धपोतों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किए जाएंगे। भारतीय नौसेना को 56 हजार करोड़ रुपये में बड़े पैमाने पर हथियार मिलेंगे जिसमें घातक ब्राह्मोस मिसाइलें, शक्ति इलेक्ट्रानिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) प्रणालियां और यूटिलिटी हेलीकाप्टर शामिल हैं।

### चीन की सीमा पर तैनात होगी हॉवित्जर

हॉवित्जर को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा पर तैनात किया जाएगा। वित्त वर्ष 2022–23 में पूंजी अधिग्रहण के लिए दी गई कुल मंजूरी अब 2,71,538 करोड़ रुपये है, जिसमें से 98.9 प्रतिशत भारतीय उद्योगों से प्राप्त किया जाएगा।

## मुस्लिम वोटों पर भाजपा की नजर, शुरू करने जा रही यह अभियान, 65 जिलों पर खास नजर



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। 2024 के चुनाव मेंअब 1 साल का वक्त बचा हुआ है। हिंदुत्व की राजनीति करने वाली भाजपा मुसलमानों को भी साधने की कोशिश कर रही है। पहले ही नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास का मंत्र दे दिया है। अब राजनीतिक नजरिए से भी मुस्लिमों को साथ लाया जा रहा है। खुद हैदराबाद में भाजपा की बैठक में नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुसलमानों को साथ लाने की अपिल की थी। अब इसी कड़ी में भाजपा की ओर से श्मोदी मित्रश की शुरूआत की जा रही है। पार्टी देश के 65 मुस्लिम बहुल जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय के 5000 श्मोदी मित्रश बनाएगी। मोदी मित्र का काम अपने–अपने जिलों में मुसलमान मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का रहेगा। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के जिलों को शामिल किया गया है। इन दोनों ही राज्यों के 13–13 जिले शामिल होंगे। इसके अलावा बिहार, असम और केरल के मुस्लिम बहुल जिलों को इसमें शामिल किया गया है। जानकारी के मुताबिक यह योजना 25 अप्रैल से शुरू होगी। इसके साथ ही मुस्लिमों का साथ लेकर जनसंपर्क अभियान भी शुरु हो रहा है जिससे की पार्टी को आगामी चुनाव में मुसलमानों का साथ मिल सके। इस तरह के अभियान का मकसद मुस्लिमों के घर–घर में जाकर मोदी सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यों से लोगों को अवगत कराना है। इसके अलावा पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए श्सूफी संवाद महा अभियानश नामक एक मुस्लिम आउटरीच कार्यक्रम शुरु किया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा ने देश भर में इस मेगा आउटरीच प्रयास को करने के लिए 150 गैर–राजनीतिक लोगों की एक टीम को एक साथ रखा है। इन लोगों को अलग–अलग टीमों में विभाजित किया जाएगा। यह टीम अल्पसंख्यकों में मोदी सरकार के कामों को बताएगी और उन्हें पार्टी से भी जोड़ेगी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों को उनके लिए किए गए कार्यों से अवगत कराने के लिए टीमें कई मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगी।

## ईडी के सामने पेश नहीं हुई बीआरएस की नेता कविता, न्यायालय में लंबित मामले का दिया हवाला

नयी दिल्ली। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता उच्चतम न्यायालय में लंबित याचिका का हवाला देते हुए दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुईं। उच्चतम न्यायालय में लंबित याचिका




में उन्होंने ईडी द्वारा जारी समन को चुनौती देते हुए गिरफ्तारी से संरक्षण का अनुरोध किया है। तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य तथा राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने अपना अधिकृत प्रतिनिधि (बीआरएस का एक पदाधिकारी) भेजा, जिन्होंने मामले के जांच अधिकारी को उनके लेनदेन के बारे में छह पृष्ठ का प्रतिवेदन, बैंक स्टेटमेंट, व्यक्तिगत व व्यावसायिक विवरण प्रदान किया। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में ईडी के समन को चुनौती देने और गिरफ्तारी से संरक्षण की मांग करने वाली कविता की याचिका पर 24 मार्च को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। कविता (44) से इस मामले में पहली बार 11 मार्च को पूछताछ की गई थी, जिसके बाद उन्हें 16 मार्च को फिर से पेश होने के लिए कहा गया था। ईडी को भेजे गए पत्र में कविता ने कहा कि चूंकि समन में यह नहीं कहा गया है कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने की जरूरत है, इसलिए वह अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेज रही हैं। उन्होंने लिखा, मैं विनम्रतापूर्वक आपसे विनती करती हूं कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष कार्यवाही लंबित है, इसलिए समन के बारे में कोई भी कार्रवाई करने से पहले उसके निर्देश का इंतजार किया जाना चाहिए।

## सरकार अडाणी मुद्दे पर चर्चा से बचने के लिए संसद नहीं चलने दे रही : खरगे




नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर विपक्ष को उकसाने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह अडाणी मुद्दे और अपनी विफलताओं पर चर्चा से बचने के लिए संसद नहीं चलने दे रही है। खरगे ने एक बार फिर कहा कि राहुल गांधी की ब्रिटेन में की गई टिप्पणी को लेकर माफी मांगने का कोई सवाल ही नहीं है। ब्रिटेन की हालिया यात्रा के दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर सत्ता पक्ष ने संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया और वह राहुल गांधी से माफी मांगे जाने की मांग कर रहा है। हंगामे के कारण, संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से दोनों सदनों में कोई कामकाज नहीं हो पाया है। खरगे ने आरोप लगाया, ''... इसी तरह लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, हम कल शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, हमें किसने रोका? उन्होंने हमें रोकने के लिए महिला पुलिसकर्मियों को आगे कर दिया।'' अदाणी मामले में प्रवर्तन निदेशालय को अपनी शिकायत सौंपने के लिए कांग्रेस ने अन्य विपक्षी दलों के साथ बुधवार को संसद भवन से विरोध मार्च निकाला था। पुलिस ने विजय चौक पर विपक्षी नेताओं को रोक दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने सुबह संसद की कार्यवाही शुरु होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि सरकार की मंशा अडाणी मुद्दे से बचने की है ताकि इस पर चर्चा न हो और उनकी विफलताओं पर संसद में चर्चा नहीं हो।

## अब जासूसी कांड में घिरे सिसोदिया, सीबीआई ने दर्ज किया नया केस





दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहले तो सीबीआई की गिरफ्त में आए सीबीआई को ईडी ने भी झटका देते हुए अपने रिमांड में ले लिया। अब सीबीआई की तरफ से मनीष सिसोदिया की परेशानी और बढ़ सकती है। सीबीआई ने श्फीडबैक यूनिटश मामले में मनीष सिसोदिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दिल्ली सरकार की श्फीडबैक यूनिटश में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया। गृह मंत्रालय ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर फीडबैक यूनिट (एफबीयू) जासूसी मामले में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी थी। सीबीआई ने अपनी प्रारंभिक जांच के बाद कहा था कि एफबीयू का इस्तेमाल श्राजनीतिक जासूसीश के लिए किया गया था। यहां आपको फीडबैक यूनिट और दिल्ली के कथित स्नूपगेट के बारे में जानने की जरूरत है।

### कैसे हुई शुरुआत

2015 में आप सरकार दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के नियंत्रण की लड़ाई हार गई थी। उपराज्यपाल को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा का नियंत्रण मिल गया। विवाद के बाद, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने सतर्कता विभाग के तहत अपनी खुद की जांच शाखा बनाने का फैसला किया। इस तरह फीडबैक यूनिट या एफबीयू का बीजारोपण हुआ। एफबीयू का उद्देश्य दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र के तहत सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों, संस्थानों और अन्य संस्थाओं पर नजर रखना था। फीडबैक यूनिट बनाने का निर्णय 29 सितंबर, 2015 को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक में लिया गया था।

## देवेंद्र फडणवीस की पत्नी ने धमकी, साजिश और रिश्वतखोरी को लेकर डिजाइनर के खिलाफ दर्ज कराई FIR, जानें क्या है पूरा मामला

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता ने अनिक्षा नाम की एक डिजाइनर के खिलाफ मुंबई पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें अनीक्षा पर उन्हें धमकाने, उनके खिलाफ साजिश



रचने और 1 करोड़ रुपये की रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। अमृता ने अपनी पुलिस शिकायत में कहा है कि अनीक्षा 16 महीने से अधिक समय से उसके संपर्क में थी और कुछ अवसरों पर उसके घर आती थी। मुंबई के मालाबार हिल पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, अनिक्षा ने कथित तौर पर अमृता फडणवीस को कुछ सटोरियों के बारे में जानकारी देने की पेशकश की, जिसके माध्यम से वे पैसा कमा सकते थे और फिर अपने पिता को एक पुलिस मामले में फंसाने के लिए सीधे 1 करोड़ रुपये की पेशकश की। पुलिस ने अंशिका और उसके पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## अडानी मुद्दे से डरे हुए हैं पीएम मोदी

### राहुल गांधी बोले- संसद में बोलने दिया जाएगा या नहीं ये लोकतंत्र की परीक्षा है

नई दिल्ली। लंदन में लोकतंत्र को लेकर राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर भारत में जबरदस्त बवाल जारी है। संसद में भी इस पर जबरदस्त तरीके से भाजपा कांग्रेस पर निशाना साध रही है। इन सब के बीच आज राहुल गांधी मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि सरकार के 4 मंत्रियों ने मुझ पर आरोप लगाए हैं। आरोप के बाद मुझे बोलने का हक है। मैंने आज लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की है और उनसे बोलने का वक्त मांगा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मुझे बोलने दिया जाएगा। राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडानी मुद्दे को लेकर डरे हुए हैं। इसलिए ध्यान भटकाने के लिए यह मुद्दा उठाया जा रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि वह संसद में मुझे बोलने नहीं देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री और अडानी के बीच की रिश्ता क्या है? रक्षा सौदे




अदानी को क्यों दिए जा रहे हैं? यह बड़े सवाल है जो हम उठाना चाहते हैं। संसद के रिकॉर्ड से मेरे भाषण को हटा दिया गया। उन्होंने अपने बयान में कहा कि सुबह मैं संसद गया और अध्यक्ष (लोकसभा) से बात की कि मैं बोलना चाहता हूं। सरकार के चार मंत्रियों ने मुझ पर आरोप लगाए थे इसलिए मुझे सदन में अपनी बात रखने का अधिकार है। मुझे उम्मीद है कि मुझे कल संसद में बोलने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने सदन में मोदी और अदानी पर सवाल उठाते हुए भाषण दिया था, वह भाषण हटा दिया गया था। भाषण में ऐसा कुछ भी नहीं था जिसे मैंने सार्वजनिक रिकॉर्ड से न निकाला हो। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझपर संसद में आरोप लगे हैं। इसपर जवाब देना मेरी जिम्मेदरी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे बोलने दिया जाएगा या नहीं ये लोकतंत्र की परीक्षा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सरकार और पीएम अडानी मामले से डरे हुए हैं इसलिए उन्होंने यह श्तमाशाश तैयार किया है। मुझे लगता है कि मुझे संसद में बोलने नहीं दिया जाएगा. मुख्य सवाल यह है कि मोदीजी और अडानीजी के बीच क्या संबंध है। वहीं, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राहुल गांधी को संसद में माफी मांगनी चाहिए। देश राहुल गांधी से माफी की मांग कर रहा है। सारे सांसद उनसे माफी की मांग कर रहे हैं। विदेशी धरती पर इस तरह की बात बोलने के लिए उन्हें माफी मांगनी ही चाहिए।




## भारत की हालत पाकिस्तान जैसी, इमरान को लेकर पूछे गए सवाल पर महबूबा बोलीं– यहां भी विपक्षी नेताओं को...

श्रीनगर। पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती ने भारत और पाकिस्तान के बीच तुलना की। इमरान खान को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत में स्थिति पाकिस्तान से अलग नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत में भी विपक्षी नेताओं को पाकिस्ता के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने के पाकिस्तानी सरकार के प्रयासों के समान ही सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अगर पाकिस्तान सरकार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, तो आपको याद होगा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भी जेल हुई थी। इसके साथ ही पीडीपी प्रमुख ने कहा कि वर्तमान में, ईडी, और सीबीआई का




दुरुपयोग किया जा रहा है, और विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, जैसे सिसोदिया, कविता जिनसे पूछताछ की जा रही है, लालू प्रसाद यादव, शिवसेना के कुछ नेता, अधिकांश विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, इसलिए पाकिस्तान में कोई नई चीज नहीं है जो भारत में नहीं हो रही है। आपको बता दें कि दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर 26 फरवरी को 8 घंटे की पूछताछ के बाद सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल, सिसोदिया न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद है। उन्हें ईडी ने भी गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के सियार की बेटी की कविता से भी पूछताछ हो रही है। वहीं जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू यादव और उनके परिवार भी लगातार जांच एजेंसियों के रडार पर है। वहीं, आज जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने पुंछ जिले के अपने दौरे के दौरान नवग्रह मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने पूरे मंदिर का चक्कर लगाया और शिवलिंग का जलाभिषेक भी किया। उन्होंने मंदिर परिसर में बनी यशपाल शर्मा की प्रतिमा पर पुष्पवर्षा भी की। महबूबा मुफ्ती की मंदिर यात्रा बीजेपी की जम्मू–कश्मीर विंग को अच्छी नहीं लगी, जिसने उनकी मंदिर यात्रा को राजनीतिक नौटंकी बताया।

# आर बी एल पब्लिक चिल्ड्रेन एकादमी मे धूम धाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

दैनिक बुद्धा का संदेश

खोड़ारे,गोण्डा। रूआर बी एल पब्लिक चिल्ड्रेन एकादमी मोकल पुर धर्मेंद्र नगर गोण्डा मे प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष 15 मार्च को रात्रि मे सतरहवा वार्षिक उत्सव गायक गया लाल यादव की टीम के द्वारा धूम धाम से मनाया गया जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र पाठक ने उपस्थित स्थानीय पत्रकार राहुल शुक्ला, आरपी सिंह, मोहम्मद खालिद, राकेश सिंह, अकबर अली सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को फूल माला पहना कर अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं द्वारा सोशल मिडिया पर वर्तमान समय मे प्रयोग करने से दुष परिणाम के बारे मे नाटक के माध्यम से जानकारी दिया गया तथा अशिक्षा समाज मे एक अभिशाप है पर नाटक देश भक्ति गीत पर बच्चो द्वारा डांस भी किया गया इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रवक्ता त्रयमबक तिवारी क्षेत्रीय महामंत्री भारतीय जनता पार्टी अवध प्रान्त ने कार्यक्रम मे उपस्थित होकर बच्चो के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम को देखकर छात्र छात्राओं तथा विद्यालय परिवार की प्रशंसा किया तथा बच्चो को सच्चे मन से शिक्षक द्वारा दिए जा रहे उत्तम गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपील किया तथा विद्यालय के प्रबंधक द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम मे समय देने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रशांत पटेल, रईस अहमद उर्फ बब्बू प्रधान, दिवाकर जायसवाल सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित छात्र ध्छात्राए एवं गणमान्य व्यक्तियों सहित अधिकांश दर्शक मौजूद रही। मोकल पुर धर्मेंद्र नगर गोण्डा मे प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष 15 मार्च को रात्रि मे सतरहवा वार्षिक उत्सव गायक गया लाल यादव की टीम के द्वारा धूम धाम से मनाया गया जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र पाठक ने उपस्थित स्थानीय पत्रकार राहुल शुक्ला, आरपी सिंह, मोहम्मद खालिद, राकेश सिंह, अकबर अली सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को फूल माला पहना कर अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं द्वारा सोशल मिडिया पर वर्तमान समय मे प्रयोग करने से दुष परिणाम के बारे मे नाटक के माध्यम से जानकारी दिया गया तथा अशिक्षा समाज मे एक अभिशाप है पर नाटक देश भक्ति गीत पर बच्चो द्वारा डांस भी किया गया इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रवक्ता त्रयमबक तिवारी क्षेत्रीय महामंत्री भारतीय जनता पार्टी अवध प्रान्त ने कार्यक्रम मे उपस्थित होकर बच्चो के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम को देखकर छात्र छात्राओं तथा विद्यालय परिवार की प्रशंसा किया तथा बच्चो को सच्चे मन से शिक्षक द्वारा दिए जा रहे उत्तम गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपील किया तथा विद्यालय के प्रबंधक द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम मे समय देने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रशांत पटेल, रईस अहमद उर्फ बब्बू प्रधान, दिवाकर जायसवाल सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित छात्रध्छात्राए एवं गणमान्य व्यक्तियों सहित अधिकांश दर्शक मौजूद रही।

## भाजपा के जिला कार्यालय पर नगर मंडल की कार्यशाला संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर नगर मंडल की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें आगामी नगर निकाय चुनाव एवं लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशीष त्रिपाठी जिलामंत्री को उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा आशीष त्रिपाठी एवं राकेश तिवारी व नगर अध्यक्ष विशाल अग्रवाल शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र विस्तारक की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं इस मौके पर राकेश तिवारी जिला महामंत्री का शेष चौरसिया सभासदध्नगर कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोंडा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में शेष चौरसिया सभासदध्कोषाध्यक्ष,विशाल अग्रवाल नगर अध्यक्षध्सभासद,दिनेश कश्यप,प्रिंस चौरसिया,अवध नन्दन,कैलाश सोनी,ऋषभ मनि त्रिपाठी, दिनेश तिवारी,कृष्ण गोपाल चौरसिया आदि काफी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## डीएम ने किया राज्य विश्वविद्यालय निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। आज वृहस्पतिवार को जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल



कुमार ने तहसील करनैलगंज अंतर्गत ग्राम डोमाकल्पी में राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण हेतु स्थल चयन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण हेतु भूमि क गहनता पूर्वक देखा और वहां पर उपस्थित उप जिलाधिकारी करनैलगंज से भूमि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और कहा कि इस भूमि को चारों तरफ से पूरी तरह व्यवस्थित कर लिया जाय तथा संबंधित कार्यदाई संस्था भवन निर्माण खंड बलरामपुर को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द सारी प्रक्रिया पूर्ण करके पत्रावली तैयार करें। इसके साथ ही एक्सईएन लोक निर्माण खंड–2 को निर्देश देते हुए कहां है कि यहां पर आने के लिए सड़क के निर्माण हेतु स्टीमेट एवं अन्य कार्यवाही को पूर्ण कर लें ताकि पत्रावली को समय से आगे भेज दिया जाय। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं ताकि राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण समय से शुरू कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी करनैलगंज हीरालाल, एक्सईएन लोक निर्माण खंड– 2 बीके त्रिपाठी, सहायक अभियंता भवन निर्माण खंड बलरामपुर, जिला कृषि अधिकारी, एसओ परसपुर, ग्राम प्रधान डोमाकल्पी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बेसिक का स्टाल देख गदगद हुए एडी बेसिक, डीआइओएस व बीएसए की सराहना

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान





दर्जी कुंआ के तत्वावधान में नई शिक्षा नीति 2020 समग्र दृष्टिकोण एवं अवधारणा विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन टाउन हॉल गोण्डा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक देवीपाटन राम सागर पति त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोण्डा अखिलेश प्रताप सिंह व अन्य एआरपी, डायट प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति 2020 पर अपने विचार रखे। जिसमें एडी बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी, बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह,एस आर जी कमलेश पांडेय आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर जनपद के समस्त ब्लाक के नवाचारी शिक्षकों द्वारा सहायक शिक्षण सामग्री का स्टाल लगाया गया।जिसका फीता काट कर उदघाटन एडी बेसिक राम सागर पति त्रिपाठी द्वारा किया गया।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक व डायट प्राचार्य राकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, डायट के प्रवक्ता ज्ञान बहादुर, हरेंद्र कुमार,एस आर जी कमलेश पांडेय, विनीता कुशवाहा, कृष्ण बिहारी लाल, एमआरपी जितेन्द्र वर्मा, ऋतुराज यादव, सूर्यभान राम व अन्य उपस्थित रहे। शिक्षक सुनील कुमार आनन्द, दयाशंकर प्रजापति, बलजीत सिंह कनौजिया, वन्दना पटेल, अर्चना सिंह, मनोज चतुर्वेदी, मनोज दीक्षित व अन्य शिक्षकों ने अपने अपने ब्लाक का प्रतिनिधित्व करते हुए सहायक शिक्षण सामग्री का स्टाल लगाया।इस अवसर पर डायट प्रशिक्षुओं द्वारा भी स्टाल लगाकर अपने टीएलयम प्रदर्शित किए।

## किराना व्यापारी से हुई लूट का खुलासा, 4 शातिर लूटेरे गिरफ्तार,कार व बाइक बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। बीते दस मार्च को थाना को0 देहात क्षेत्र के अन्तर्गत खम्हरिया मोड़ सिसऊर अंदुपुर के पास टेम्पो रूकवा कर थाना इटियाथोक क्षेत्र के रहने वाले किराना व्यापारी चन्द्रप्रकाश पाण्डेय पुत्र रामबरन पाण्डेय के साथ कार सवार 4 अज्ञात लूटेरो द्वारा लूट (रू0 4,50,000ध– व 16,000ध– के कूपन) की घटना कारित की गयी थी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के सफल अनावरण हेतु प्र0नि0 को0 देहात व प्रभारी एस0ओ0जी0ध्सर्विलांसध साइबर सेल को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये थे। उक्त निर्देश के क्रम में थाना को0 देहात व थाना धानेपुर व एस0ओ0जी0ध्सर्विलांस सेलध साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा



शिवराज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर लक्ष्मीकान्त गौतम के नेतृत्व में सुरागरसी–पतारसी कर घटना कारित करने वाले 4 आरोपी लूटेरो चन्द्रशेखर पुत्र कामिनी प्रसाद के कब्जे से 44900 रूपया बरामद निवासी अलफनगर रूद्र गढ़ नौसी थाना धानेपुर जनपद गोंडा, राममनोहर पुत्र श्री राम के कब्जे से 19300 रुपया बरामद निवासी लालक मोफिया थाना धानेपुर जनपद गोंडा, निलेश वर्मा पुत्र स्वर्गीय अन्नू के कब्जे से 52700 बरामद निवासी अडवडहा मौजा उज्जैनी थाना धानेपुर जनपद गोंडा, संदीप वर्मा पुत्र राम उजागिर 48 हजार तीन सौ रुपए बरामद निवासी परौती लाल मौजा उज्जैनी थाना धानेपुर जनपद गोंडा को वहद ग्राम मलारी के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1,64,200ध– रूपये, 1 अदद सैन्ट्रो कार, 1 अदद पल्सर मोटरसाईकिल व जामातलाशी के दौरान अभियुक्त निलेश वर्मा के कब्जे से 1 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 2 अदद जिन्दा कारतूस व अभियुक्त संदीप वर्मा के कब्जे से 1 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 2 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा अपने अन्य 2 साथियों के साथ किराना व्यापारी से लूट करने की बात स्वीकार की गयी। पुलिस टीम द्वारा फरार 2 अन्य लूटेरो की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार कर्ता टीम में प्र0नि0 को0 देहात महेन्द्र कुमार सिंह मय टीम।थानाध्यक्ष धानेपुर ब्रह्मानंद सिंह मय टीम।प्रभारी स्वाटध्सर्विलांसध साइबर सेल संतोष कुमार सिंह मय टीम शामिल रहे।

## थाना घोरावल पुलिस ने किया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार’

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। थाना घोरावल पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42ध23 धारा 364, 302, 201, 34,120(बी) भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अमरजीत यादव पुत्र शिवशंकर यादव निवासी पेढ, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।



## पाक्सो एक्ट:चार दोषियों को 5– 5 वर्ष की कैद

**■ छह माह पूर्व नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी किए जाने व तेजाब छिड़क कर चेहरा खराब करने की धमकी का मामला**

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। छह माह पूर्व नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ एवं तेजाब छिड़ककर चेहरा खराब करने की धमकी देने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ध विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर चारों दोषियों अजमेरुद्दीन, रुस्तम, सोहराब एवं वसीम को 5– 5 वर्ष की कैद व 12– 12 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4–4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। जेल में वितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 22 सितंबर 2022 को दुद्धी कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 21 सितंबर 2022 को दोपहर 2 बजे दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के दिघुल गांव निवासी अजीमुद्दीन, रुस्तम, सोहराब व वसीम मोटरसायकिल से उसके घर के सामने आ गए और पहले हॉर्न बजाने लगे। जब उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उसकी नाबालिग बेटी जो कक्षा 9 की छात्रा है का नाम लेकर बुलाने लगे। जब हमलोग घर से बाहर निकले तो अनलोगों ने कहा कि आज बेटी को बाहर नहीं आने दिए, लेकिन शीघ्र ही उसकी बेटी को उठा ले जाएंगे। यह धमकी देते हुए सभी वहां से चले गए। जब बेटी से पूछा गया तो वह रोने लगी और बताई कि जब वह स्कूल जाती है तो सभी मिलकर उसे परेशान करते हैं।

उसके साथ छेड़छाड़ भी करते हैं। कई बार उनके भय से स्कूल भी नहीं जा रही थी। शर्म की वजह से यह बात नहीं बता रही थी। इतना ही नहीं ये लोग यह भी धमकी दे रहे थे कि अगर किसी से बताओगी तो तेजाब छिड़क कर चेहरा खराब कर देंगे। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर चारो दोषियों अजमेरुद्दीन, रुस्तम, सोहराब व वसीम को 5– 5 वर्ष की कैद एवं 12– 12 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4–4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## एनटीपीसी परिसर में किया गया वृक्षारोपण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डॉ0 अन्जू बाला, सदस्या, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति



आयोग, भारत सरकार एवं श्री एस0के सिंह, निदेशक, एनसीएससी द्वारा एनटीपीसी, शक्तिनगर में चन्द्र विजय सिंह, जिलाधिकारी सोनभद्र व डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में गोष्ठी की गयी । तदोपरान्त एनटीपीसी परिसर में सदस्या, निदेशक एनसीएससी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

## पचवस गांव में बंदर के आंतक से दर्जनो घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। छावनी क्षेत्र के पचवस गांव में बंदरों के आतंक से



ग्रामीण लोग बेहद परेशान है आए दिन बंदरों द्वारा गांव लोगों पर हमले किए जाने से एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो चुके है गांव में बंदरों की तादात दिन प्रतिदिन बढ़ती सैकड़ो में बढ़ती जा रही गांव के ज्यादातर घायल लोग बच्चो को बचाने में घायल हुये है घायल इन्द्रजीत सिंह को 4 मार्च को बंदरो के झुण्ड ने काटा था घायल व्यक्ति ने विक्रमजोत सीएचसी इलाज के लिये गये थे इसी तरह गांव चमैला देवी पत्नी पेशकार सिंह को 5 मार्च, किरनदेवी पत्नी देवेन्द्र यादव को 6 मार्च ,बृजमोहन सिंह को 8 मार्च ,उर्मिला देवी पत्नी राजदेव सिंह को 14 मार्च तथा पुष्पा सिंह पुत्री धर्मवीर सिंह,खुशी सिंह पुत्री मोहन सिंह,कमला देवी पत्नी विजय बहादुर ,आशा चित्रकला सिंह, सरिता सिंह पत्नी श्याम नरायन सिंह को बंदरो के काटने से घायल हुये है ज्यादातर लोगो का विक्रमजोत सीएचसी से इलाज चल रहा है। बंदर ने अभी तक 20 लोगों को काट कर घायल कर दिया है गांव संतोष सिंह का कहना है कि उन्होंने जिला प्रशासन को इसकी सूचना पहले भी दिया है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही की गयी है गुरूवार को जिलाधिकारी बस्ती को ग्रामीणो द्वारा एक शिकायत पत्र रजिस्ट्री किया गया है जिसपर गांव के कई दर्जन लोगो ने बंदरो के आतंक से निजात पाने की मांग किया है।

## मुझसे कहते तो,काव्य संग्रह का हुआ लोकार्पण और उसकी झलकियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

आकाशवाणी एफ.एम.गोल्ड की प्रसिद्ध आर.जे. रेखा के प्रथम काव्य संग्रह षमुझसे कहते तो का लोकार्पण शनिवार 11 मार्च की शाम को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में संपन्न हुआ। आर.जे. रेखा के प्रथम काव्य संग्रह षमुझसे कहते तोष् में विभिन्न विषयों पर आधारित ऐसी विविध 70 महत्वपूर्ण और दिलचस्प कविताओं का समावेश है। इस पुस्तक की लेखिका ने अपने वक्तव्य में कहा, अपने दिल की बातें दिल में ना रखें, दिल की बातें दिल में रखने से हम कभी–कभी समस्या में भी आ सकते है। हमें लगता है कि हम घुट–घुटकर जी रहे हैं। बहुत जरूरी है एक दूसरे से कहना और ये ही संदेश मेरी किताब देती है मुझसे कहते तोश। मेरा सुझाव




है, जो भी आपका अपना खघस मित्र है, करीबी है या फिर जिसको आप अपना समझते है, आप उससे अपने दिल की बात जरूर कहें। साथ ही आर.–जे. रेखा ने इस बेहतरीन मौके पर उपस्थिति सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस काव्य संकलन के लोकार्पण समारोह में फिल्म, मीडिया, रेडियो और साहित्य जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उपस्थिती दर्शायी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में जाने माने फिल्म अभिनेता और रंगकर्मी राकेश बेदी, मारवाह स्टुडियो नोएडा के चेअरमैन संदीप मारवाह, वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मी शंकर बाजपेयी, प्रसिद्ध सायंटिस्ट डॉ. प्रभाकरराव चावरे, प्रसिद्ध कवि पत्रकार पंडित सुरेश नीरव, शिक्षाविद् कवि एवं उद्भव संस्था के चेअरमैन डॉ.विवेक गौतम तथा लेखक, निर्देशक और अभिनेता जेड.एम.शाह मंच पर उपस्थित थे। इस समारोह के संयोजन और संचालन में जिन संस्थाओं और व्यक्तियों का सहयोग और समर्पण रहा उनमें वरिष्ठ पत्रकार महानगर मेल के ग्रुप एडिटर रणवीर गहलोत, वॉयस ओवर आर्टिस्ट मनीष त्रिपाठी, आर.जे. और एन.पी.एन न्यूज के पत्रकार रविन्द्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजू बोहरा, समाजसेवी अजय बसोया, ओपन सर्च ग्रुप के एडीटर विजय कुमार, वीडियो एडिटर मुकेश टम्टा, पत्रकार नवीन खाती, सुनीता तिवारी, शीतल चौहान, विवेक राठोर, धर्मेन्द्र कुमार प्रमुखता से उपस्थित थे। इसके साथ ही परिवार से आर.जे. रेखा की माता निर्मला देवी, पिता मामचंद और पूर्व शिक्षकों सहित अनेक श्रोता गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उपस्थित सभी मान्यवरों ने आर.जे. रेखा के प्रथम प्रयास मुझसे कहते तो काव्य संग्रह की भूरी भूरी प्रशंसा की है। और उनका दिल खोलकर साहित्य जगत में स्वागत किया है।

## बीजेपी के पदाधिकारियों ने किया पेढ़ गांव का दौरा

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/ सोनभद्र। अनुराग पाल हत्याकांड के बाद बृहस्पतिवार



को पीड़ित परिवार के घर पर संवेदना प्रकट करने के लिए गुरुवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़, जिलाध्यक्ष भाजपा अजित चौबे, पूर्व विधायक रूबी प्रसाद पहुंचे। उनके साथ दो दर्जन की संख्या भाजपाई लोग रहे। काफिले के साथ पहुंचे मंत्री व जिलाध्यक्ष मंगल पाल से मिले। घटना की कड़ी निंदा की और पीड़ित परिवार की बातों को सुना।इस अवसर पर मंगल पाल ने मांग पत्र देकर प्रभावी कार्यवाही की मांग की। मंत्री ने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिजनों की मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहां मौजूद क्षेत्राधिकारी अमित कुमार से मामले को तीव्रता से अग्रसर करने के लिए कहा।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य अमरनाथ चौधरी कैलाश सिंह लव–कुश केसरी अनुराग अग्रहरी एलटी बाबू आदि लोग रहे।

# सफेद हाथी साबित हुआ कलेक्ट्रेट का कंट्रोल रूम, विद्युत अपूर्ति सही कराने में असमर्थ

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जहां पूरे उत्तर प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर विद्युत विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर गए हुए हैं वहीं मुख्यमंत्री के आदेश पर जनपदों में विद्युत व्यवस्था संभालने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं और वहां अधिकारी भी बैठाए गए हैं लेकिन यह विद्युत कंट्रोल रूम केवल सफेद हाथी साबित होते नजर आ रहा है यहां किसी भी प्रकार की सहायता करने में लोग असमर्थ है आपको बता दें कि जिला मुख्यालय के पंडित दीनदयाल वार्ड एवं बीजेपी कार्यालय आदि क्षेत्रों में शुक्रवार के 12.00 बजे से ही बिजली गायब है जो अभी तक नहीं सही हो पाया है जिस कारण से लोग पानी के लिए भी परेशान हैं आपको बता दें कि यह सारे क्षेत्र नगरपालिका के हैं जो जिला कलेक्ट्रेट से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है यदि 500 मीटर की दूरी पर बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल सकती है तो आप समझ सकते हैं कि पूरे जिले में बिजली व्यवस्था को संभालने के लिए कंट्रोल रूम कितना काम करता होगा आज जब पत्रकारों ने कंट्रोल रूम की स्थिति देखी तो वहां पर मात्र एक जूनियर इंजीनियर कार्य करते नजर आए जिन्होंने कहा कि हम केवल शिकायत नोट करने के लिए बैठे हैं और इसकी सूचना एसडीएम को दी जा रही है लेकिन इस पर कोई कार्रवाई हो रही है कि नहीं इसकी जानकारी भी दे पाने में असमर्थ रहे गुरुवार को जिलाधिकारी ने आईटीआई स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की भी ड्यूटी उपकेंद्रों पर लगाई गई है लेकिन वह कोई भी कार्य करने में सक्षम नहीं है फोन करने पर वह केवल इतना ही बता पाते हैं कि अभी हम पढ़ रहे हैं और हमें केवल सुरक्षा के लिए रखा गया है कि आप देखते रहिए कोई तोड़फोड़ ना हो। आप समझ सकते हैं कि बिजली विभाग के कर्मचारीयों की मेहनत के बाद हमें बिजली सुचारू रूप से मिल पाती हैं फिर भी सरकार उनकी बात नहीं मान रही है एक तरफ देखा जाए तो उनके द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन किसी भी प्रकार से गलत नहीं है आए दिन विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली के करंट लगने के कारण मौत हो जा रही है लेकिन इस पर भी सरकार किसी प्रकार की कोई पहल करते हुए उनकी सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं दे पा रही है आधे से ज्यादा कर्मचारी आउटसोर्सिंग से हैं पहले से ही परेशान हैं यदि स्थिति यही रही तो निश्चित रूप से जनपद में हाहाकार मच जाएगा।



## पहले की हड़ताल में कंट्रोल रूम में किया था अच्छा कार्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। ऐसा नहीं है कि इससे पहले विद्युत विभाग का कोई धरना प्रदर्शन या हड़ताल नहीं हुआ था लेकिन जब भी हुआ था जिला प्रशासन ने सख्ती के साथ उसका मुकाबला कर कंट्रोल रूम के द्वारा बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रखा था खास कर जिला मुख्यालय पर बिजली जाने की शिकायत नहीं मिली थी लेकिन इस बार जिला प्रशासन की उदासीनता के नाते लोग पानी पीने के लिए भी परेशान नजर आ रहे हैं।

# बिजली कटौती से जनता परेशान'

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। बिजली की समस्या से नगर वासियों को कभी समस्याओं का सामना करना पड़ा है बुधवार को रात लगभग नौ बजे से बिजली कट गई और 24 घंटे बीत जाने के बाद भी बिजली नहीं आई । बिजली कर्मचारी बिजली कट कर हड़ताल पर मुख्यालय स्थित पावर हाउस पर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए है ।सतेंद्र पाण्डेय, सुबाष यादव, नरेंद्र कुमार, अनूप मोदनवाल, राम सेवक, दीप नरायन , पंकज अग्रहरि,जनार्दन चौबे, वीरेंद्र पाण्डेय, सत्य प्रकाश, अनुराग मिश्र, हरिशंकर सिंह, अमरेश वर्मा, अमर नाथ आदि लोगो ने बताया कि लाइट के न आने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इनवार्टर पूरी तरह से बैठ गया है मोबाइल ऑफ हो गया है मोबाइल चार्ज करने के लिए लोगो को दूसरे जगह जाकर चार्ज करना पड़ रहा है लोगो के पानी टंकी में पानी तक खत्म हो गया है लोगो ने मांग की है की जल्द से जल्द प्रशासन बिजली बहाल कराया जाय।

# खंड विकास अधिकारियों का हुआ तबादला

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर ।गुरूवार को जिलधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों का तबादला किया जिसमे लाल जी शुक्ला लोटन से बांसी ब्लॉक के बनाए गए बीडीओ,नीरज कुमार उसका बाजार से लोटन ब्लॉक के बनाए गए बीडीओ,सुश्री कृतिका अवस्थी बनाई गई उसका ब्लॉक की बीडीओ,श्याम मुराली मिश्रा जोगिया की बनाए गए बीडीओ।

# खाद्य वस्तुओं को लेकर अधिकारियों ने की बैठक कर दी जानकारी

## नगर पंचायत सभागार में खाद्य सुरक्षा समिति एवं औषधि प्रशासन विभाग सिद्धार्थनगर द्वारा आयोजित खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण कैम्प में व्यापारियो ने उठाये कई मुद्दे







दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ नगर पंचायत सभागार में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ए के तिवारी, जिला आयुक्त खाद्य द्वितीय, जीके दूबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्र भानु पटेल की अध्यक्षता में नगर व्यापारियों समेत उपभोक्ताओं की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा समिति एवं औषधि प्रशासन विभाग सिद्धार्थनगर द्वारा खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने खाद्य और अखाद्य वस्तुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी लोगों को सीजनल फल व सब्जी आदि खाने चाहिए, क्योंकि वह हमारे बॉडी को एब्जोर कर लेता है, बिना सीजन के फल व सब्जियों के सेवन से सेहत पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कभी कभी जागरूकता की कमी के हम गलत कार्य कर देते है, जबकि दुकानदार की मंशा गलत कार्य करने की नही होती है। उदाहरण के माध्यम से उन्होंने बताया कि जब खोजा की बर्फी बनाई जाती है तो बर्तन में बर्फी न चिपके उस पर तेल आदि का लेप लगाया जाता है, लेकिन जब उसी वस्तुओं के सेम्पल लिए जाते है, तो खोजा की शुद्ध बर्फी में भी मिलावट के संकेत मिलते है, और दुकानदारों पर कार्यवाही होती है।

इसके साथ होटल दुकानदारों को जागरुक करते हुए कहा कि बार– बार तेल को गर्म करके उसका इस्तेमाल न करें, क्योंकि 2 बार से अधिक के प्रयोग से उसमें विभिन्न दिक्कतें आने लगती है। चाय पत्तियों के बहुत देर तक पकाने और उसे पुनः गर्म करने से भी स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है, साथ ही कहा कि घुलतेन में फाइबर बनाने के लिए 4 गुना पानी लेना चाहिए ताकि व सुपाच्य और बेहतर हो। खाने आदि की बस्तुओं में न्यूज पेपर (अखबारी कागज) का इस्तेमाल नही करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यापार मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल ने व्यपारियो की समस्याओं को अवगत कराते हुए कहा कि शासन पॉलीथिन पर पाबंदी हेतु कार्यवाही करती है लेकिन जहां से पॉलीथिन आती है, यदि उन फैक्टरियों से ही पॉलीथिन न आये तो व्यापारियों को दूसरे विकल्प से कार्य करना पड़ेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम को व्यापार मण्डल संरक्षक रवि अग्रवाल, निवर्तमान सभासद व वरिष्ठ महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता, पंकज श्रीवास्तव, महेश गुप्ता, शिवपूजन वर्मा, राजेन्द्र कुमार कान्दू, कौशल किशोर ने भी संबोधित कर व्यापारियों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखे, जिस पर काफी बिचार विमर्श किये गए। इस दौरान मुख्य रूप से विभाग के खाद्य सहायक मोहम्मद हनीफ, दीनानाथ, अशोक कुमार, मुकेश पोद्दार, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, सुरेन्द कुमार गुप्ता, बृजबिहारी मिश्रा सहित दर्जनों व्यापरी व उपभोक्ता मौजूद रहे।

# निखिल श्रीवास्तव ने जिले का मान बढ़ाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत कपिलवस्तु के बर्डपुर कस्बा निवासी प्रभा क्लीनिक के संचालक डा.नवीन श्रीवास्तव के पुत्र डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने (नीट पीजी) के परिणाम में आल इंडिया में 726 रैंक लाकर जिले का मान बढ़ाया है। निखिल के सफलता पर माता–पिता शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। मंगलवार को देर रात नीट पीजी का परिणाम जारी हुआ है। जिसमे बर्डपुर कस्बा निवासी चिकित्सक डॉ. नवीन श्रीवास्तव के पुत्र डा. निखिल श्रीवास्तव ने आल इंडिया में 726 रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया हैं। डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि शुरुआती पढ़ाई हाईस्कूल तक सेंट जेवियर्स इंटर कालेज सिद्धार्थनगर से पास हुआ व इंटर की परीक्षा लखनऊ से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया हैं। एमबीबीएस भारतीय विद्यापीठ मेडिकल कालेज पुणे से किया हूं। नीट पीजी में प्रवेश के लिए पांच मार्च को परीक्षा हुआ था। जिसमे यह सफलता मिला है। जिसका का श्रेय माता–पिता व गुरुजनों को दिया हैं। निखिल के सफलता पर अरुण उपाध्याय, सुनील यादव, ओमप्रकाश यादव, बसंत चौधरी, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, निहारिखा श्रीवास्तव, विनीता यादव, प्रमोद यादव, डॉ. अरुण द्विवेदी, पत्रकार अनूप श्रीवास्तव, रोहित यादव, सुशील मिश्र, सुनील गुप्ता, इरफान अहमद सहित अनेकों लोगो ने शुभकामना दी है।

# शोषण, उत्पीडन के विरुद्ध भारतीय मजदूर संघ ने दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। गुरूवार को भारतीय मजदूर संघ सिद्धार्थनगर के बैनर तले जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश को ज्ञापन दिया। आपको बता दे की प्रदेश कार्यसमिति के आवाहन पर संगठित व असंगठित क्षेत्रों के भिन्न–भिन्न उद्योगों में काम करने वाले संविदाध्आउटसोर्सिंगधनिविदा कर्मचारियों के हो रहे घोर शोषण, उत्पीडन के विरुद्ध प्रदेश के सम्पूर्ण जिलों में जिला मुख्यालयों पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा विशाल प्रदर्शन करके कर्मचारियों की समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन प्रेषित किये गया। ज्ञापन में उल्लेखित मांगे 108. 102 एम्बुलेंस के बर्खास्त कर्मियों की बहाली की जाये एवं धन उगाही पर तत्काल रोक लगाई , एन0एच0एम0 के सभी संविदा कर्मियों की बीमा, स्थानान्तरण, वेतन विसंगतियों की समस्याओं का समाधान, आशाध्आशा संगिनी को न्यूनतम रूपये 10000ध– मानदेय निश्चित करते हुए सामाजिक सुरक्षा प्रदान, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियोंध्सहायिकाओं को नियमित किया जाए एवं न्यूनतम मानदेय रूपये 18000ध– , तथा सभी को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाये। पटरी रेहाड़ी दुकानदारों को समुचित स्थान दिया जाये एवं उनका उत्पीड़न बंद किया जाये। ई–रिक्शा, आटो को स्टैण्ड दिया जाये एवं पुलिस उत्पीड़न पर रोक लगाई जाये। ई–रिक्शा चालक, आटो चालक, घोबी, दर्जी, बढई, लुहार, कुम्हार को मजदूर की श्रेणी प्रदान की जाये और सामाजिक सुरक्षा से आवृत्त किया जाए। कृषि ग्रामीण एवं दिहाड़ी मजदूरों का पारिश्रमिक तय किया जाए एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाये। संविदाधनिविदा सफाई कर्मचारियों को रूपये 18000ध – का वेतन दिया जाए एवं उन्हें नियमित किया जाये। सरकारी एवं निजी उद्योगों में कार्यरत संविदाध आउट सोर्सिंग कर्मियों का शोषण व उत्पीड़न बंद किया जाए एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा से आवृत्त किया जाये। संविदा कर्मियों की नियमावली बनाई जाये। मिड–डे मील के कर्मचारी का मानदेय रूपये 10000ध– किया जाये। 13 पुरानी पेंशन बहाल की जाये। को लेकर ज्ञापन दिया गया इस अवसर पर अरुण कुमार प्रजापति जिला संगठन मंत्री ,(रवि प्रताप सिंह), जिला अध्यक्ष शम्भू नाथ गुप्ता वरिष्ठउपाध्यक्ष, राजेश मिश्रा उपध्यक्ष, पंकज पासवान संयुक्त मंत्री, अवधेश यादव–संरक्षक अजय कुमार सिंह, रामकेश, केशव त्रिपाठी, दीपक सिंह, (सतीश मणि त्रिपाठी) जिला मंत्री, पवन श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, प्रदीप गौतम, संदीप शमशाद अहमद, रोहित सिंह, गणेश दत्त त्रिपाठी, सुधीर श्रीवास्तव।





# शुचितापूर्ण सम्पन्न करायें परीक्षा एसडीआई:महेन्द्र कुमार'

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। ब्लाक संसाधन केंद्र उसका बाजार में गुरुवार को प्रधानाध्यापको का बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें एकेडमिक बिन्दुओं आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका के अनुसार शिक्षण कार्य करने,शिक्षक संकुल द्वारा जुलाई 2023 तक अपने विद्यालय को निपुण बनाने पर चर्चा,ए.आर.पी. द्वारा चयनित विद्यालयों को निपुण बनाने की स्थिति,निपुण भारत मिशन के तहत विभिन्न पैरामीटर पर समीक्षा व जानकारी,निपुण तालिका,शिक्षक डायरी,लेसन प्लान,ट्रैकर, रीमीडियल टीचिंग,प्रिंट रिच मैटेरियल,बिग बुक,गणित व साइंस किट का उपयोग, उपलब्धता,नवीन शैक्षिक सत्र में स्कूल रेडीनेस के सम्बन्ध में ए.आर.पी. गुलाम जिलानी ने चर्चा किया गया ।खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने वार्षिक परीक्षा वर्ष 2022–23 पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने चर्चा किया व परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के बारे में निर्देश दिया । समीक्षा बैठक में एसआरजी अंशुमान सिंह और अपूर्व श्रीवास्तव ने भी बेहतर शिक्षण करने के तरीकों पर चर्चा किया व बेहतर कक्षा शिक्षण का डेमो प्रस्तुत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने अवशेष समस्त छात्र छात्राओं का पंद्रह दिनों के भीतर आधार बनवाने डीबीटी पोर्टल पर आधार नॉट वेरीफाइड आधार नॉट सीडेड का कार्य अपनी देखरेख में तत्काल पूर्ण कराते हुए पोर्टल पर पेंडिंग कॉलम को सात दिनों में शून्य करने अनसीटडेड खातों को सीडेड कराने की समीक्षा किया ।पुस्तक वितरण, बच्चों का यूनिफॉर्म वितरण आदि को प्रेरणा पोर्टल पर फोटो अपलोड करने की कार्यवाही अधिकतम एक सप्ताह में पूर्ण करने, यू–डायस डाटा वेरीफाई करने के संबंध में निर्देश दिया। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए कार्यों की प्रगति फोटो सहित जमा करने,समर्थ मोबाइल पर दिव्यांग बच्चों की प्रतिदिन उपस्थित भरने,आयरन फोलिक एसिड गोली छात्रों को खिलाए जाने की प्रगति में जानकारी दी गई। समीक्षा बैठक में एआरपी रामसेवक प्रसाद गुप्ता,सुभाषचंद्र, अजीजुर्रहमान ,स्पेशल एजुकेटर अखिलेश मिश्रा,प्रद्युम्न सिंह,अजय भारती ,जरीना बेगम,सावित्री पांडेय आदि लोग रहे मौजूद।



# 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 585ध्एसएलएसए–127ध्2022– एन०एल०ए० दिनांकित 23 फरवरी 2023 के द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 13.05. 2023 को उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त क्रम में जिला जजध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संजय कुमार मलिक के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि दिनांक 13 मई 2023 (द्वितीय शनिवार) 10.00 बजे से सिविल कोर्ट सिद्धार्थनगर व बाह्य स्थित न्यायालय बासी, डुमरियागंज एवं जिला कारागार, सिद्धार्थनगर तथा समस्त राजस्व, चकबन्दी एवं अन्य न्यायालयों में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराकम्य लिखत अधिनियम, न्यायालय में लम्बित पुराने वादो, ई० चालान व आर्बीट्रेशन के निष्पादन वादों, बैंक वसूली के वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित) सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद (जनपद न्यायालय में लम्बित), अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद). के प्रकरण से सम्बन्धित मामलों को प्रमुखता प्रदान करते हुए से संबंधित लम्बित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया साथ ही साथ उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटीगेशन स्तर के परिवार न्यायालय से सम्बन्धित रिवारिक वाद एवं प्री–लिटीगेशन स्तर के प्रकरण धारा 138 पराकम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली के बाद, श्रम वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित) एवं अन्य वादों (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल) के प्रकरण आदि का भी निस्तारण पारस्परिक सुलह समझौते के आधार पर आपसी सद्भावना के अधीन कराया जा सकता है। उक्त आशय की जानकारी अपर जनपद न्यायाधीशध पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर ब्रिजेश कुमार–द्वितीय द्वारा दिया गया है।

## सम्पादकीय

# कितना कसेगा शिकंजा?

**भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे पोंजी स्कीम के समान हैं। लेकिन सरकार ने यह सलाह नहीं मानी है। इसके बजाय उसने इस कारोबार को विनिमियत करने का महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। नए कदम के तहत अब क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन के मामलों में भारतीय ...**



भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे पोंजी स्कीम के समान हैं। लेकिन सरकार ने यह सलाह नहीं मानी है। इसके बजाय उसने इस कारोबार को विनिमियत करने का महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने क्रिप्टो करेंसी पर शिकंजा कसने के लिए नए नियम लागू किए हैं। एक गजट अधिसूचना के मुताबिक अब क्रिप्टोकरेंसी को खरीदना–बेचना, रखना और इससे जुड़ी सेवाओं पर एंटी–मनी लॉन्ड्रिंग कानून लागू होगा। अब क्रिप्टो एक्सचेंजों को वित्तीय खुफिया इकाई भारत (एफआईयू–भारत) को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देनी होगी। समझा जाता है कि यह कदम क्रिप्टो करेंसी के कारोबार को विनिमियत करने के लिए उठाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि क्रिप्टो करेंसी की खरीद– बिक्री से जुड़ी तमाम वित्तीय सेवाओं को अब मनी लॉन्ड्रिंग कानून–2002 के तहत लाया गया है। अब यह देखने की बात होगी कि इस कदम से क्रिप्टो कारोबार सचमुच कितना विनियमित होता है। क्रिप्टो कारोबार एक नई चीज है, जबकि मनी लॉन्ड्रिंग कानून उस समय की स्थितियों के मुताबिक बना था। इसलिए कुछ विशेषज्ञों ने सवाल उठाया है कि क्या यह कदम सचमुच इस नए कारोबार पर लगाम कस सकेगा। भारत ने अभी तक क्रिप्टोकरेंसी के लिए किसी खास कानून या नियमों को लागू नहीं किया गया है, जबकि भारती रिजर्व बैंक ने कई बार उनके इस्तेमाल के प्रति आगाह किया है। बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसी साल जनवरी में कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी जुए के बराबर है। उन्होंने कहा था कि इसका समर्थन करने वाले इसे संपत्ति या वित्तीय उत्पाद कहते हैं, लेकिन इसमें कोई अंतर्निहित मूल्य नहीं है। क्रिप्टोकरेंसी का मुकाबला करने के लिए आरबीआई ने हाल ही में पायलट मोड में अपना ई–रुपया या केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लॉन्च किया। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे पोंजी स्कीम के समान हैं। लेकिन सरकार ने यह सलाह नहीं मानी है। इसके बजाय उसने इस कारोबार को विनिमियत करने का महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। नए कदम के तहत अब क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन के मामलों में भारतीय अधिकारियों को देश की सीमाओं से बाहर भी इन संपत्तियों के ट्रांसफर की निगरानी में अधिक अधिकार हासिल हो जाएंगे। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल के बजट में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स से होनी वाली आय पर तीस प्रतिशत टैक्स लगाने का फैसला किया था।

# भगवान श्रीराम की भक्ति वर्षा ऋतु है– तुलसीदास



राम नाम की महिमा अनंत है। जो भी इस नाम को जपता है उसका दुःख और दारिर्द्य कट जाता है। आप देखिए तो पाएंगे कि राम नाम में 49 अक्षर होते हैं। दो बार राम राम कहने से भक्त जन को 108 दाने वाले एक माला का पुण्य प्राप्त हो जाता है। इसीलिए सनातनी परंपरा में राम राम कहकर एक दूसरे का अभिवादन किया जाता रहा है। राम राम कहते समय यह भी नहीं देखना चाहिए कि आपस में कौन बड़ा है और कौन छोटा। जिसने पहले राम राम बोल कर अभिवादन किया पहले उसके ऊपर प्रभु श्री राम की कृपा होगी। प्रभु श्री राम की कृपा भक्त के ऊपर अमृत वर्षा के सदृश होती है। श्री रामचरित मानस के बाल कांड के 19 वें दोहे में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि बरषा रितु रघुपति भगति, तुलसी सालि सुदास। राम नाम बर बरन जुग, सावन भादव मास।। अर्थात श्री रघुनाथ जी की भक्ति वर्षा ऋतु है। तुलसीदास जी कहते हैं कि उत्तम सेवक गण धान हैं और राम नाम के दो सुंदर अक्षर सावन और भादों के महीने हैं। आप देखिए तो गोस्वामी जी ने सेवक गण को धान के समान बतलाया है। तुलसीदास को भारतीय, विशेषकर उत्तर भारत के कृषक जीवन का गहन ज्ञान था। बिना बारिश के धान की पैदावार अच्छी नहीं होती ठीक उसी तरह बिना राम नाम के स्मरण के भक्त को तृप्ति नहीं मिलती है। गोस्वामी जी पुनः लिखते हैं कि आखर मधुर मनोहर दोऊ। बरन बिलोचन जन जिय जोऊ। सुमिरत सुलभ सुखद सब काहू। लोक लाहु परलोक निबाहू।। अर्थात दोनों अक्षर मधुर और मनोहर हैं, जो वर्णमाला रूपी शरीर के नेत्र हैं। भक्तों के जीवन हैं तथा स्मरण करने में सभी के लिए सुलभ और सुख देने वाले हैं। और जो इस लोक में लाभ और परलोक में निर्वाह करते हैं। (अभिप्राय यह है कि भगवान के दिव्य धाम में दिव्य देह से सदा भगवत्सेवा में नियुक्त रखते हैं।) असल में गोस्वामी तुलसीदास जी के आराध्य प्रभु श्रीराम अलौकिकता से युक्त ब्रह्म हैं। वे साकार सगुण रूप में जगत का कल्याण करने वाले हैं। इसीलिए हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए कि प्रभु श्रीराम की कृपा सभी भक्त जन को मिले।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# ग्लोबल वार्मिंग के परिणाम

**ऐसे में हमें वृक्ष लगाने तथा हरित इलाके के विस्तार को प्राथमिकता देनी होगी। मौसम में असामान्य बदलाव से हमारे परंपरागत जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिये हमें जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा यह तय हैं कि जैसे–जैसे तापमान बढ़ता है जल स्रोत सिमटने लगते हैं। ऐसा ही संकट देश के कई महानगरों में मंडरा रहा है। वहीं हाल ...**

अजय दीक्षित

ग्लोबल वार्मिंग संकट को लेकर मीडिया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठन लगातार चेताते रहे हैं वह अब हकीकत बनता जा रहा है । विडम्बना यह है कि इस संकट की गम्भीरता के प्रति न तो नीति–नियंता गंभीर नजर आये और न ही जनता के स्तर पर जागरूकता दिखाई दे रही है । यह संकट कितना बड़ा है, वैश्विक संस्था क्रॉस डिपेन्डेन्सी इनिशिएटिव यानि एक्सडीआई की रिपोर्ट उजागर कर देती है । संस्था ने दुनिया के तमाम राज्यों, प्रांतों और क्षेत्रों में निर्मित पर्यावरण केन्द्रित भौतिक जलवायु के जोखिम का तार्किक विश्लेषण किया है । दरअसल, जलवायु परिवर्तन के चलते हमारी फसलों, आबोहवा तथा जल स्त्रोतों पर पडने वाले प्रभावों के आकलन के बाद पचास संवेदनशील क्षेत्रों का चयन किया गया है । चिंता की बात यह है कि अमेरिका व चीन के बाद भारत के तमाम राज्य इस संकट वाली सूची में शामिल हैं । उसमें पंजाब भी शामिल है । यूं तो इस सूची में बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात व केरल भी शामिल हैं, लेकिन पंजाब को लेकर हमारी चिंता बड़ी होनी चाहिये । इसकी एक वजह पंजाब का राष्ट्रीय खाद्यान्न पूल में बड़ा योगदान होना है । यदि ग्लोबल वार्मिंग संकट का राज्य में विकट प्रभाव नजर आता है तो देश की खाद्यान्न सुरक्षा के लिये भी चुनौती पैदा हो सकती है । वहीं दूसरी



ओर पंजाब श्संवेदनशील सीमावर्ती राज्य है, जिसकी किसी तरह की समस्या जटिलता को जन्म दे सकती है । यद्यपि देश के अन्य राज्यों में जलवायु परिवर्तन के जोखिम को भी हल्के में लेने की जरूरत नहीं है । इस समस्या की गम्भीरता को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर इस चुनौती के मुकाबले के लिये रणनीति बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वह भी ऐसे वक्त में जब देश में आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही है, हमें जलवायु परिवर्तन से होने वाले संकट के प्रति सचेत होना पड़ेगा ।

दरअसल, इस संकट की बड़ी मार समाज के कमजोर वर्गों व खेतिहर श्रमिक जैसे पेशों पर पड़ती है। दरअसल, इस गंभीर समस्या के प्रति जहां केंद्र व राज्यों को मिलकर मुहिम चलाने की जरूरत है, वहीं किसानों व आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बढ़ते तापमान से हमारी फसलों की उत्पादकता घट जाती है। किसानों ने पिछले साल भी खेतों में लहलहाती फसलों को लेकर जो उम्मीदें जगायी थीं, वो अधिक तापमान होने से अनाज के उत्पादन व गुणवत्ता में आई गिरावट के चलते टूट गई। कमोबेश ऐसी ही स्थिति इस बार भी नजर आ रही है, जिसने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे में हमारे कृषि वैज्ञानिकों को आगे आने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में अब तक प्रयोगशालाओं में जो शोध हुए है. उसे खेत–खलिहानों तक पहुंचाने की जरूरत है। यह तय है कि दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करने वाले विकसित देश इस दिशा में कई दशकों से जिस तरह लापरवाह बने हुए हैं, उसमें जल्दी कोई बदलाव होता नजर नहीं आता। ऐसे में हमें हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने, जीवाश्म ऊर्जा से परहेज तथा प्रकृति अनुकूल नीतियों को प्रश्रय देना होगा। इतना तय है कि हमारी उपभोक्तावादी संस्कृति और प्रकृति के चक्र में मानवीय हस्तक्षेप ने समस्या को जटिल बनाया है। ऐसे में हमें वृक्ष लगाने तथा हरित इलाके के विस्तार को प्राथमिकता देनी होगी। मौसम में असामान्य बदलाव से हमारे परंपरागत जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिये हमें जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा यह तय हैं कि जैसे–जैसे तापमान बढ़ता है जल स्रोत सिमटने लगते हैं। ऐसा ही संकट देश के कई महानगरों में मंडरा रहा है। वहीं हाल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि से गेहूं, दलहन और तिलहन पर असर पडने की आशंका है। इतना ही नहीं, हमारे मौसमी फल भी इसकी जद में आ सकते हैं ।

# निष्पक्ष हों संवैधानिक संस्थाएं

**कर्नाटक का तो यह एक उदाहरण है पर क्या जनता कह सकती है कि उनके राज्य में भाजपा के सत्ता के आने बाद भ्रष्टाचार खत्म हो गया या कम हो गया? तो क्या वजह है कि पिछले वर्षों में सीबीआई और ईडी के छापे केवल विपक्षी दलों के नेताओं पर ही पड़े हैं? इस विवाद से बचने को जरूरी है कि मोदी जी जांच एजेंसियों और संविधानिक संस्थाओं की पारदर्शिता और स्वायत्तता सुनिश्चित करें...**

विनीत नारायण

भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सर्वोच्च अदालत की 5 सदस्यीय संवैधानिक बेंच ने पिछले गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया।

फैसले के बाद भारत निर्वाचन आयोग में आयुक्तों की नियुक्ति पर केंद्र का सीधा हस्तक्षेप घटेगा। कोर्ट ने फैसला सुनाते समय इस बात पर जोर डाला कि संविधानिक संस्थाओं का निष्पक्ष होना लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक है। सभी राजनैतिक दलों ने फैसले का स्वागत किया जा रहा है। शीर्ष अदालत के 378 पन्नों के इस ऐतिहासिक फैसले के पीछे 1997 का श्विनीत नारायण बनाम भारत सरकारश्च का फैसला है।

इस फैसले में प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और सीवीसी के निदेशकों की नियुक्ति और उनके कार्यकाल को लेकर दिशा–निर्देश दिए गए थे, जिससे जांच एजेंसियों को सरकारी दखल से अलग रख कर निष्पक्ष और स्वायत्त रूप से कार्य करने की छूट दी गई थी परंतु सवाल उठता है कि क्या जांच एजेंसियां सरकार के दबाव से मुक्त हुई? ऐसा क्या हुआ कि उसी शीर्ष अदालत ने सीबीआई को श्पिंजरे का तोताश्च कहा? दरअसल, पिछले कुछ वर्षो से चुनाव आयोग की कार्यशैली को लेकर विपक्षी दलों में ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर जागरूक नागरिक के मन में भी अनेक प्रश्न खड़े हो रहे थे। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति की फाइल मांग कर भारत सरकार की स्थिति को असहज कर दिया था पर इसका सकारात्मक संदेश देश में गया। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग की विवादास्पद भूमिका पर टिप्पणी करते हुए 1990–96 में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टीएन शेषन को याद किया और कहा है, श्देश को टीएन शेषन जैसे व्यक्ति की जरूरत है।श्च

सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी 2018 से लंबित कई जनहित याचिकाओं की संवैधानिक पीठ के सामने चल रही सुनवाई के दौरान की जिनमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग के सदस्यों का चयन भी कॉलेजियम प्रक्रिया से होना चाहिए। बहस के दौरान पीठ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति जोसेफ ने कहा कि यह चयन सर्वोच्च न्यायालय के श्विनीत नारायण बनाम भारत सरकारश्च फैसले के अनुरूप भी क्यों नहीं हो सकता है? जिसके अनुसार चयन समिति में तीन सदस्य हों–भारत के प्रधान न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष।

यह मांग सर्वथा उचित है क्योंकि चुनाव आयोग का वास्ता देश के सभी राजनैतिक दलों से पड़ता है। उसके सदस्यों का चयन केवल सरकार करती है तो जाहिरन ऐसे अधिकारियों को चुनेगी जो उसके इशारे पर चले। इस फैसले के आधार पर जब तक संसद द्वारा कानून पास नहीं हो जाता तब तक इसी फैसले के दिशा–निर्देशों के अनुसार चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियां होंगी। पिछले कुछ वर्षो से सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए जिस तरह मुख्य जांच एजेंसियों के निदेशकों की नियुक्ति और सेवा विस्तार किए जा रहे हैं, उससे इन एजेंसियों की स्वायत्तता और निष्पक्षता पर स्वाल उठ रहे हैं।

यदि किसी जांच एजेंसी के निदेशक को इस बात का पता है कि शीर्ष अदालत के आदेश के तहत उसकी नियुक्ति पारदर्शिता से हुई है तो उसे उसके दो साल के निश्चित कार्यकाल से कोई नहीं हटा सकता, परंतु यदि उसके नियुक्ति पत्र में कुछ ऐसा लिखा जाए कि उस निदेशक का कार्यकाल एक निश्चित अवधि श्या अगले आदेश तकश्च वैध है, तो उस पर अप्रत्यक्ष रूप से सरकारी दबाव बना रहता है।

ऐसे में वो निदेशक कितना स्वायत्त या निष्पक्ष रहेगा कहा नहीं जा सकता। भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली ने राज्य सभा में कहा था, श्यह खतरा बड़ा है, रिटायर होने के बाद सरकारी पद पाने की इच्छा रिटायर होने से पहले के जज के फैसलों को प्रभावित करती है, यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा है।श्च एक अन्य बयान में जेटली ने कहा था, श्रिटायर होने से पहले दिए जाने वाले फैसले रिटायर होने के बाद मिलने वाले पद के प्रभाव में दिए जाते हैं।श्च जेटली का बयान न सिर्फ जजों पर लागू होता है, बल्कि जांच एजेंसियों और कुछ संविधानिक पदों पर नियुक्त लोगों पर भी लागू होता है। ऐसे में इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए, परंतु सरकार जिस भी दल की हो वो ऐसी नियुक्तियों के लिए भेजे जाने वाले नामों के पैनल में केवल अपने चहेते अधिकारियों के ही नाम भेजती है।

ऐसे में नियुक्त करने वाली समिति के पास इन्हीं नामों में से एक का चयन करने का विकल्प रहता है। यदि महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्त होने वाले व्यक्तियों की सूची को सार्वजनिक किया जाए और बेदाग छवि वाले सेवानिवृत्त अधिकारियों की राय भी ली जाए तो ऐसी नियुक्तियों को निष्पक्ष माना जा सकता है। इस दिशा में व्यापक दिशा–निर्देशों की भी आवश्यकता है। ऐसा होता है तो जनता का विास न सिर्फ नियुक्ति की पण्राली में बढ़ेगा, बल्कि इन संस्थाओं की कार्यशैली में भी बढ़ेगा। जांच एजेंसियां हों या चुनाव आयोग या कोई अन्य सांविधानिक संस्था यदि वो निष्पक्ष और स्वायत्त रहती है तो लोकतंत्र मजबूत रहता है। यदि ऐसा नहीं होता तो लोकतंत्र खतरे में आ सकता है। इसलिए सर्वोच्च अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए इसे कानून का रूप दिया जाना चाहिए और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी नियुक्तियों को पारदर्शिता से किया जाए न कि पक्षपात के साथ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने हर चुनाव अभियान में इस बात पर जोर देते हैं कि सभी विपक्षी दल भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं जबकि भाजपा ईमानदार सरकार देने का वायदा करती है। पिछले हफ्ते कर्नाटक के भाजपा विधायक के बेटे को किसी ठेकेदार से 40 लाख की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने गिरफ्तार करवाया। उसके घर से 8 करोड़ रुपये भी बरामद हुए। इसी राज्य में पिछले वर्ष एक ठेकेदार ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार का मंत्री उससे 40 प्रतिशत कमीशन मांग रहा है। कर्नाटक का तो यह एक उदाहरण है पर क्या जनता कह सकती है कि उनके राज्य में भाजपा के सत्ता के आने बाद भ्रष्टाचार खत्म हो गया या कम हो गया? तो क्या वजह है कि पिछले वर्षो में सीबीआई और ईडी के छापे केवल विपक्षी दलों के नेताओं पर ही पड़े हैं? इस विवाद से बचने को जरूरी है कि मोदी जी जांच एजेंसियों और संविधानिक संस्थाओं की पारदर्शिता और स्वायत्तता सुनिश्चित करें।




## दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे डेविड वॉर्नर, डिप्टी कैप्टन बनें रहेंगे अक्षर पटेल

दिल्ली कैपिटल्स ने आधिकारिक तौर पर डेविड वार्नर को आईपीएल 2023 के लिए अपना कप्तान घोषित किया और अक्षर पटेल को टीम का उप–कप्तान नामित किया। जेएसडब्ल्यू–जीएमआर के सह–स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए कप्तान के रूप में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर की घोषणा की। डीसी ने बयान में कहा, ष्ऑलराउंडर अक्षर पटेल को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।ष डेविड वार्नर लीग के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ विदेशी खिलाड़ियों में से एक हैं।



कप्तान के रूप में उन्होंने 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद को अपना एकमात्र खिताब दिलाया। एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने 162 पारियों में 5881 रन बनाए। उनके नाम चार शतक और 55 अर्धशतक हैं। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत थे लेकिन एक भयानक कार दुर्घटना के कारण वह चोटिल हैं। उनकी जगह कई कप्तान बनाने के लिए कई नामों की चर्चा हो रही थी लेकिन आखिर में मुहर डेविड वार्नर के नाम पर ही लगी। पंत के 2023 में क्रिकेट खेलने से बाहर होने के साथ, दिल्ली को एक अंतरिम कप्तान की तलाश करनी पड़ी और वार्नर दावेदारों में से एक थे। अक्षर पटेल जो 2022 में उप–कप्तान थे, इस सीजन में उसी भूमिका में बने रहेंगे। यह दूसरी बार होगा जब वार्नर कैपिटल्स का नेतृत्व करेंगे, 2009 और 2013 के बीच फ्रेंचाइजी के साथ अपने पहले कार्यकाल के अंतिम वर्ष के दौरान कुछ मैचों के लिए अंतरिम कप्तान रहे (तब दिल्ली डेयरडेविल्स)। वार्नर को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2014 में खरीदा था और एक साल बाद कप्तान नियुक्त किया था। 2016 में वार्नर ने सनराइजर्स को खिताब तक पहुंचाया। जीते गए मैचों के मामले में वार्नर संयुक्त–पांचवें सबसे सफल कप्तान हैंरू 69 मैचों में उन्होंने नेतृत्व किया, वार्नर की टीमों ने 35 जीते, 32 हारे और दो मैच टाई रहे।

## गैरवरीय निकहत को महिला विश्व मुक्केबाजी चौम्पियनशिप में मिला मुश्किल ड्रॉ

नयी दिल्ली। शीर्ष भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन को गुरुवार से यहां शुरू हो रही महिला विश्व मुक्केबाजी चौंपियनशिप में लाइट फ्लाईवेट (50 किग्रा) वर्ग में आश्चर्यजनक रूप से गैर वरीयता प्राप्त होने के कारण बुधवार को चुनौतीपूर्ण ड्रा मिला। मौजूदा विश्व चौम्पियन निकहत अंतिम–64 दौर में अजरबैजान की अनाखा नीम इस्माइला के खिलाफ रिंग में उतरेंगी। इसके बाद वह रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कोलंबिया की इंग्रिट वालेंसिया और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जापान की त्सुकी के सामने क्रमशः सेमीफाइनल और फाइनल में अपने खिताब का बचाव के लिए रिंग में उतर सकती हैं।



तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) को पहले दौर में बाई मिली है, जबकि स्वीटी बूरा (81 किग्रा) बाई मिलने के बाद अंतिम–आठ में प्रवेश कर पदक हासिल करने से बस एक जीत दूर होंगी। प्री–क्वार्टर फाइनल में लवलीना का सामना मेक्सिको की वनेसा ऑर्टिज से होगा। जैस्मिन लम्बोरिया को भी मुश्किल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि उनका सामना 60 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में रियो ओलंपिक चौंपियन फ्रांस की एस्टेले मोसली के खिलाफ होने की उम्मीद है। प्रीति (54 किग्रा) हंगरी की हन्ना लकोटार के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। मेजबान भारत की अन्य मुक्केबाज नीतू घणघस (48 किग्रा), साक्षी चौधरी (52 किग्रा), मनीषा मौन (57 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा), मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा), श्रुति यादव (70 किग्रा) और नूपुर श्योराण (81 किग्रा से अधिक) की शुरुआती राह अपेक्षाकृत आसान होंगी। आईबीए (अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ) महिला विश्व मुक्केबाजी चौंपियनशिप 2023 की शुरुआत बुधवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई।

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, आईबीए अध्यक्ष क्रेमलेव और बीएफआई (भारतीय मुक्केबाती संघ) अध्यक्ष अजय सिंह भी इस अवसर पर मौजूद थे। टूर्नामेंट की ब्रांड दूत और छह बार की चौम्पियन महान मुक्केबाज एमसी मेरीकोम भी 'गेस्ट ऑफ ऑनर' बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर के साथ मौजूद थीं।

## कहां तक पहुंच सकते है सोने के दाम? जानिए बाजार का हाल

साल 2022 सोने के लिए फिका ही रहा। नतीजतन गोल्ड इन्वेस्टर्स के लिए भी बिता वर्ष निराशाजनक रहा। इसका कारण है मार्च 2022 से पूरे वर्ष सोने की दरों में मंदी का असर। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में, इसकी कीमतों में तेजी आई है और जानकारों की मानें तो साल 2023 सोने की कीमतों में तेजी दिखा रहें है। सोने के बाजार लगातार ऊंची मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों – विशेष रूप से यूएस फेडरल रिजर्व (फेड) – के विपरीत प्रभावों से प्रेरित रहते हैं। 2 फरवरी को 1,959.10 डॉलर के शिखर पर पहुंचने के बाद 8 मार्च तक सोने की कीमतें 1,823.90 डॉलर पर वापस आ गईं, जो अप्रैल 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। 2023 के लिए अस्थिर आर्थिक परिदृश्य के बीच 2023 की शुरुआत के बाद से कीमती धातु 1.17: गिर गई है। ऐसे में आम उपभोक्ता और इन्वेस्टर्स के लिए सोने की दरें 2023 में कहां तक जा सकती हैं, यह जानना और समझना जरुरी है।

सोने और चांदी के लिए साल 2023 का आउटलुक क्या है?

साल 2022 में बाजार में निवेशकों की भागीदारी में निश्चित तौर पर सुधार देखा गया है और ऐसा ही सोने और चांदी के बाजार को लेकर भी देखा गया है।



हालांकि रूस–यूक्रेन युद्ध के चलते महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं और चीन में कोविड के केस फिर से बढ़ने के कारण भी आशंकाएं बढ़ गई हैं। बाजार के ऊपर इसका असर आएगा और इस बोझ को लेकर निवेशक अगले साल प्रवेश करेंगे। इसके अलावा अगले साल बाजार के पार्टिसिपेंट्स (भागीदार) केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति के नजरिए के ऊपर फोकस करेंगे। डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड यील्ड की हलचलों पर भी निवेशक ध्यान देंगे। गोल्डर्धसिल्वर अनुपात में हाल के समय में 97 के बजाए 75 तक की गिरावट देखी गई है जो सिल्वर की तेजी के सहारे आई है। चांदी के लिए कहा जा सकता है कि ग्रीन टेक्नोलॉजी और औद्योगिक मांग ज्यादा होने के कारण चांदी की कीमतों में तेजी जारी रह सकती है।

कहां तक जाएंगे? सोने और चांदी के दामः स्पअम डपदज की रिर्पोट के अनुसार 2023 में आगे सोने की कीमतों में तेजी की उम्मीद की जा सकती हैं। निवेशक मूल्य सुधार पर खरीद–पर–गिरावट के अवसर के लिए जा सकते हैं और ध58,888 से ध61,111 प्रति 10 ग्राम के स्तर के लक्ष्य स्तर जा सकते हैं। वहीं बिजनेस टुडे के अनुसार, सोने की कीमतें 2023 में 62,000 रुपये के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को छू सकती हैं। प्ब्ब्प् क्पतमबज की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने की कीमतों में मुख्य रूप से डॉलर में कमजोरी के कारण वृद्धि होने की संभावना है क्योंकि यूएस फेड द्वारा दरों में बढ़ोतरी पर जल्द रोक लगाने की संभावना है। अगले साल और 2023 की चौथी तिमाही में दरों में कटौती भी कर सकता है।

सेफ हैवन एसेट बन सकता है सोनाः **ICICI Direct** की रिपोर्ट में कहा गया, श्आईएमएफ की संशोधित वैश्विक जीडीपी भविष्यवाणी, घटती महंगाई, ब्याज दरों में वृद्धि की रफ्तार कम होने, कमजोर डॉलर और चीन के फिर से खुलने के कारण ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में 2023 में मिला जुला रुख देखने को मिल सकता है। साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय सुस्ती का सामना कर रही है। इससे कमोडिटी मार्केट में मिला–जुला रुख रहेगा। ऐसी परिस्थिति में सोना सेफ हैवन एसेट के रूप में उभर सकता है। इससे सोने के भाव में तेजी आएगी।

## Violent gangs के खिलाफ हैती पुलिस को दी जा रही अंतरराष्ट्रीय सहायता अपर्याप्तः संयुक्त राष्ट्र

सैन जुआन। हैती में संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने बुधवार को आगाह किया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय हैती की राष्ट्रीय पुलिस को



जो प्रशिक्षण व संसाधन मुहैया करा रहा है, वह तेजी से हिंसक होते गिरोहों से लड़ने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। हैती में संयुक्त राष्ट्र के एकीकृत कार्यालय की प्रमुख हेलेन ए. लाइम ने वाशिंगटन डी. सी. में अमेरिकी देशों के संगठन की बैठक में कहा कि नयी साझेदारियों पर गौर करने का समय आ गया है। उन्होंने एक बार फिर एक विशेष विदेशी बल की तैनाती का आह्वान किया है। लाइम ने कहा, "हमारा काम पूरा नहीं हुआ है। हमें इस देश के पुनर्निर्माण का काम करने की जरूरत है।" उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय हैती की राष्ट्रीय पुलिस को जो प्रशिक्षण व संसाधन मुहैया करा रहा है, वह तेजी से हिंसक होते गिरोहों से लड़ने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार ये गिरोह अब तक कम से कम 78 पुलिस अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। उन्होंने कुछ क्षेत्रों में पुलिस विभागों पर नियंत्रण कर लिया है और अन्य को आग के हवाले कर दिया है। लगभग एक करोड़ 10 लाख की आबादी वाले देश हैती की राष्ट्रीय पुलिस में केवल 9,000 सक्रिय अधिकारी हैं।

## उप जिलाधिकारी ने निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में उप





जिलाधिकारी सदर ने नगर पंचायत बिलासपुर में नगरीय निकाय की निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बिलासपुर कार्यालय का भी किया निरीक्षण उप जिलाधिकारी सदर ने पत्रावलियों का मानकों के अनुरूप रखरखाव एवं कार्यालय में साफ–सफाई के दिए आवश्यक दिशा निर्देश भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप नगर निकाय की निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आज उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार ने नगर पंचायत बिलासपुर में पहुंचकर नगरीय निकाय की निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण करते हुए बीएलओ द्वारा किए जा रहे परिवर्धन विलोपन और संशोधन के कार्य की गहन जांच की। उप जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकाय की निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न हो इस प्रकार से आपके द्वारा अपना कार्य संपादित किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार के द्वारा नगर पंचायत बिलासपुर कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी के द्वारा कार्यालय में पहुंचकर उपस्थिति पंजिका, पत्रावलियों के रख रखाव एवं साफ–सफाई का गहनता के साथ निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय में मानकों के अनुरूप पत्रावलियों का रखरखाव एवं कार्यालय परिसर में साफ सफाई पर विशेष फोकस रखा जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी के साथ नगर पंचायत बिलासपुर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अपराधियों से लोहा लेने में सबसे आगे है योगी की मेरठ पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ।मार्च मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेरठ पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति के तहत

- **सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मेरठ पुलिस ने अब तक 63 अपराधियों को एनकाउंटर में किया ढेर**
- **जीआईएस-23 में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत दिग्गज नेता और निवेशक सुदृढ़ कानून व्यवस्था की कर चुके हैं तारीफ**

उत्तर प्रदेश के अपराधियों से लोहा लेने और उन्हें ठिकाने लगाने में सबसे आगे है। मेरठ पुलिस और अपराधियों के बीच वर्ष 2017 से अब तक सबसे ज्यादा 3152 एनकाउंटर हुए हैं, जिसमें 63 अपराधियों को ढेर किया गया जबकि 5967 अपराधियों को एनकाउंटर के दौरान धर दबोचा गया। वहीं यूपी पुलिस की कार्रवाई के दौरान 1708 अपराधी घायल हुए हैं। इन मुठभेड़ों में पुलिस के 401 जवान घायल भी हुए हैं, जबकि 1 बहादुर पुलिसकर्मी शहीद भी हुआ है।

### विदेशों में भी हो रही अपराध और भय मुक्त उत्तर प्रदेश की चर्चा

दैनिक बुद्ध का संदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बागडोर सम्भालते ही सबसे पहले कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का बीड़ा उठाया। इसके लिए योगी सरकार ने माफिया और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया, जिसका नतीजा रहा कि यूपी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज की और पिछले छह वर्षों में दस हजार से अधिक एनकाउंटर किये, जो यह दर्शाता है कि यूपी में योगी सरकार के आने के बाद प्रदेश में अपराधियों के लिये कोई जगह नहीं है। प्रदेश में सिर्फ उनकी जगह जेल है या फिर दूसरे लोक में है। पुलिस की इस कार्रवाई से जो प्रदेश कभी लचर कानून व्यवस्था और माफियाओं के अत्याचार के लिए जाना जाता था, आज वह उत्तर प्रदेश अपराध और भय मुक्त प्रदेश के रूप में देश ही नहीं विदेशों में जाना जाता है।

### एनकाउंटर में दूसरे नंबर पर आगरा पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

जीआईएस–23 के इवेंट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत दिग्गज नेताओं और निवेशकों ने यूपी की कानून व्यवस्था की जमकर तारीफ की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश में 34.09 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आने का सबसे बड़ा श्रेय यूपी पुलिस को दिया है। यूपी पुलिस ने इस मुकाम को यूं ही नहीं हासिल किया बल्कि इसके पीछे अपराध पर लगाम लगाने और अपराधियों पर नकेल कसने की चरणबद्ध तरीके से अपनाई गई योजना का असर है। इसमें यूपी पुलिस की सबसे बड़ी रणनीति एनकाउंटर ने अपराधियों में भय पैदा कर दिया, जिसके बाद वह प्रदेश से पलायन करने लगे। यूपी पुलिस ने वर्ष 2017 से अब तक 10713 एनकाउंटर किये, जिसमें पहले नंबर पर मेरठ है। वहीं दूसरे नंबर पर आगरा पुलिस है, जिसने कुल 1844 एनकाउंटर में 4654 अपराधियों को गिरफ्तार किया जबकि 14 दुर्दांत अपराधी मारे गये। आगरा पुलिस की इस कार्रवाई में 258 अपराधी पैरों में गोली खाकर जेल में अपने कुकर्मों की सजा भुगत रहे हैं। इस दौरान 55 जांबाज पुलिस कर्मी घायल हुए। यूपी पुलिस की इन कार्रवाई में तीसरे नंबर पर बरेली पुलिस का नाम आता है, जहां बरेली पुलिस ने 1497 एनकाउंटर किये, जिसमें 3410 अपराधियों को दबोचा गया जबकि 7 की मौत हो गई। इस दौरान पुलिस कार्रवाई में 437 अपराधी घायल हुए। इन कार्रवाई में 296 बहादुर पुलिस कर्मी घायल हुए जबकि 1 बहादुर जवान शहीद हो गया।

## Cyclone Freddie के बाद अब अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से पर मंडरा रहा है बाढ़ का खतरा

ब्लांटायर। विध्वंसकारी तूफान और मूसलाधार बारिश के चार दिन के कहर से बेहाल स्थानीय समुदाय और राहत कर्मी अब



चक्रवात फ्रेडी के गुजर जाने के बाद की परेशानियों से जूझ रहे हैं। मलावी और मोजाम्बिक में इस चक्रवात ने 250 से ज्यादा लोगों की जान ली है और हजारों की संख्या में लोग बेघर हुए हैं। चक्रवात फ्रेडी बुधवार को निष्प्रभावी हो गया, लेकिन मौसम निगरानी केन्द्रों ने चेतावनी दी है कि प्रभावित देशों में अभी भी बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। अधिकारियों ने बताया वित्तीय राजधानी ब्लांटायर सहित दक्षिणी मलावी में कम से कम 225 लोगों की मौत हुई है। करीब 88,000 लोग अभी भी बेघर हैं और क्षेत्र के कई हिस्सों से अभी भी संपर्क टूटा हुआ है। मलावी के राष्ट्रपति लजारस चकवेरा ने 14 दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। मोजाम्बिक में प्रशासन ने बताया कि शनिवार से अभी तक कम से कम 53 लोगों की मौत हुई है जबकि 50,000 से ज्यादा लोग बेघर हुए हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि मानव की वजह से हुए जलवायु परिवर्तन से चक्रवातीय गतिविधियों की आवृत्ती में कमी आयी है और वे अधिक भीषण हुई हैं। हाल ही में समाप्त हुए ला–नीना का प्रभाव दुनिया भर पर होता है और उसके कारण हाल के वर्षों में क्षेत्र में चक्रवातों की आवृत्ती बढ़ी है। चक्रवात फ्रेडी ने फरवरी से ही अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से में कहर बरपाया है।

# धुमधाम से हुआ होली मिलन समारोह कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह हुआ सम्पन्न।

दैनिक बुद्ध का संदेश
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।





डुमरियागंज गुरुवार को ब्लाक परिसर में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है। पत्रकारों ने एक दूसरे को अबीर– गुलाल लगा, गले मिलकर रंगोत्सव होली की बधाईयाँ दी, फिर फूलों की होली खेली। पत्रकारों ने होली गीत और हास्य व्यंग्य पढ़ कर माहौल को और रंगीन बना दिया। होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद पुलिस अधीक्षक आनन्द कुमार ने कहा कि होली आपसी भाईचारे, सद्भाव और सौहार्द का पर्व है। सीडीओ जयेंद्र कुमार ने कहा कि होली पर हम सभी आपसी भेदभाव भूला कर गले मिल जाते हैं। समाज में फैली वैमनस्य, कुरीतियों व बुराईयों के प्रतिकार के लिए ऐसे आयोजन होना आवश्यक है। एसडीएम कुणाल व तहसीलदार अरूण कुमार वर्मा ने कहा कि होली मिलन से स्वस्थ समाज के निर्माण, उत्थान और प्रगति के रास्ते प्रशस्त होते हैं। होली का पर्व अनेकता में एकता का संदेश देता है। संगठन के जिलाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव व तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने सभी आगंतुकों को होली की बधाई देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। वही भोजपुरी गायक राजन पाण्डेय व अमरमणि दूबे के गाए फगुआ होली गीत को सुनकर लोगों ने खूब सराहाना किया। वहीं कवियो में ईओ महेश श्रीवास्तव, रामप्रकाश गौतम, डॉ ज्ञानेंद्र द्विवेदी, नियाज कपिलवस्तुवी, राम कृष्ण लाल जगमग, अरुणेश विश्वकर्मा, सलमान आमिर, सलोनी उपाध्याय, मंजू गौतम, भूपेंद्र त्रिपाठी, शिवसागर, जमील आदि ने अपनी कविताओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बीडीओ अमित सिंह, अहमद फरीद अब्बासी, डा एम एम अंसारी, डा हासमी, दिलीप पाण्डेय, रमेश श्रीवास्तव, अजीमुश्शान, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, प्रेम, राजेश्वर त्रिपाठी, अजीत उपाध्याय, पप्पू रिजवी, ठाकुर मिश्रा, रवीन्द्र गुप्त, नफासत रिजवी, काजी रहमतुल्लाह, अनिल द्विवेदी, नसीम, रूहेल, राजन, रघुनंदन, राजीव अग्रहरि, राकेश, हेमंत, सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# आज जिला मुख्यालय पर होगा पत्रकारों का होली मिलन समारोह,शामिल होगे दर्जनो संगठन

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। जनपद मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त पत्रकार प्रेस क्लब सिद्धार्थनगर के बैनर तले जनपद के पत्रकारों का होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन मुशायरा का आयोजन आज शाम 5.00 बजे जिला मुख्यालय स्थित शुभम पैलेस में किया जाएगा। यह जानकारी मान्यता प्राप्त पत्रकार प्रेस क्लब के महामंत्री राजेश शर्मा ने दिया साथ ही जिला अध्यक्ष एमपी गोस्वामी ने बताया कि जनपद में जिला मुख्यालय पर पहली बार पत्रकारों द्वारा होली मिलन समारोह कवि सम्मेलन मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है जो काफी धुमधाम से होगा। आपको बता दें कि इस होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन मुशायरे में जिले के दर्जनों संगठनों के जिला अध्यक्ष एंव पदाधिकारी शामिल होने के लिए उत्सुक हैं जो आज शाम 5.00 बजे शुभम पैलेस में नजर आएंगे, महामंत्री राजेश शर्मा ने कहा कि जनपद मुख्यालय पर पहली बार हो रहे होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन मुशायरे में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों एंव संगठनों के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह भी किया जाएगा। निश्चित रूप से होली एक ऐसा त्यौहार है जब हम गले मिलकर एक दूसरे की खुशियों में शरीक होते हैं जनपद के पत्रकारों के साथ जिला मुख्यालय पर हो रहे इस होली मिलन समारोह के लिए जनपद मुख्यालय सहित जनपद के सभी पत्रकार भी उत्सुक नजर आ रहे हैं आपको बता दें कि इस होली मिलन समारोह में फूलों की होली, गुलाल होली सहित सभी अतिथियों के लिए खाने की व्यवस्था भी मान्यता प्राप्त पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा किया गया है जिसमें 200 से ज्यादा अतिथियों के आने की संभावना देखी जा रही है।




# जनपद में हमेशा सुर्खियों में रहने वाला राजन इंटरनेशनल एकेडमी की वार्षिक परीक्षाएं हुई समाप्त

## विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को मिला मेडल

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बस्ती। राजन इंटरनेशनल अकादमी में आज वार्षिक परीक्षा के समापन के अवसर पर विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश चतुर्वेदी में बच्चों को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा की खेलों से छात्रों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आता है साथ ही साथ उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है विद्यालय इसी नियत से समय समय पर खेलों का आयोजन करता रहेगा।विद्यालय के कार्यकारी निदेशक संजीव पाण्डेय ने भी छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा की शिक्षा के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीन विकास के लिए खेल की आवश्यकता है अतः ऐसे कार्य विद्यालय के लिए आवश्यक है।प्रधानाचार्य शानू एंटोनी ने छात्र–छात्राओं को मेडल पहनाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर इशिका श्रीवास्तव, पुनीता त्रिपाठी, शिक्षा, प्रमिला, रेखा श्रीवास्तव, प्रभा त्रिपाठी, निशु उपाध्याय, अर्चना पटेल, मेघा.के.बाबू, श्वेता, शारिक खान, गोपाल, किरन सिबस्टन, राजश्री, अंबुज, अर्चना द्विवेदी, अनुराधा, नलिनी श्रीवास्तव, सुमन दुबे, आकृति पांडे, पूनम शालिनी, आक्षी, संगीता, जेरीन, मनीषा गुप्ता, अभिषेक पटेल, नलिन, पूजा तमांग, वैभव पांडे, अमित मिश्रा, सौरभ पांडे, मनीष मिश्रा, रामस्वरूप यादव अखिलेश, मोहम्मद अजीम, अरुण बहादुर श्रीवास्तव, प्रवीण मिश्रा,राम निरंजन गुप्ता आदि रहे।



# मिशन वात्सल्य योजना के तहत ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश






नौतनवा।ग्राम सभा जारा मोहनजोत में मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिलाधिकारी महराजगंज सतेंद्र कुमार के निर्देशन, जिला प्रोवेसन अधिकारी डी सी त्रिपाठी के मार्गदर्शन के क्रम मे ग्राम बाल कल्याण एवं सरक्षण समिति की बैठक ग्राम प्रधान श्रीमती सोनी पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के बाल संरक्षण अधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा निर्गत नवीन गाइडलाइन के अनुसार योजना के सुचारू एवं सुगम कार्यान्वयन हेतु निम्नवत समितियां गठन की गई हैं, जिस के क्रम में आज ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की पहली बैठक आयोजित है। जिसमें बैठक में बच्चों के हितों के बारे में चर्चा किया गया। साथ ही साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ आदि योजनाओं पर चर्चा किए। बाल संरक्षण कार्यकर्ता सुनील कुमार ने बाल विवाह, बाल श्रम पर भी चर्चा करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी दिया, प्रभारी प्रधानाध्यापक बलवंत सिंह ने लिंग भेद पर चर्चा करते हुए बच्चों को नियमित विधालय भेजने पर जोर दिया। ग्राम प्रधान ने हर सम्भव प्रयास के लिए आश्वासन दिया। आशा कार्यकर्ता सुमित्रा, अंजुला, ममता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रहिमुन निशा,सबिता, पंचायत सहायक रुक्मिणी पासवान,बी सी सखी मनीषा छात्र मनीष छात्रा कुमारी हसीना अभिभावक बीरेन्दर,मनोज कुमार, पीजीएसएस शाखा नौतनवां के बाल संरक्षण कार्यकर्ता सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, शुभ अवसर ग्राम नेपाल भैरहवा के सामाजिक कार्यकर्ता निजामुद्दीन पठान की उपस्थिति रही।

# मूल्यांकन बहिष्कार पर अड़े शिक्षकों ने संघर्ष की रणनीति तैयार की

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की मंडलीय बैठक श्री कृष्ण पाडेय इंटर कॉलेज में संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बस्ती। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की मंडलीय बैठक श्री कृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज बस्ती में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम पूजन सिंह व संचालन मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने किया। बैठक में सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रस्तावित मूल्यांकन बहिष्कार के निर्णय को लेकर संघर्ष की रणनीति तैयार की गयी। बस्ती, संत कबीर नगर व सिद्धार्थनगर में आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां निर्धारित की गयी। प्रांतीय उपाध्यक्ष मारकंडे सिंह व अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि सरकार शिक्षक हितों की अनदेखी कर रही है, जिससे किसी भी दशा में बर्दास्त नही किया जायेगा। सरकार आंदोलन को निष्क्रिय करने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रही है, लेकिन कर्मचारी इससे डरने वाला नही है। मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने बस्ती मंडल के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त व वित्त विद्यालयों के शिक्षकों से आंदोलन में सहयोग करने की अपील की। जिलाध्यक्ष बस्ती अजय प्रताप सिंह व महामंत्री अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए हरैया, भानपुर, रुधौली व बनकटी क्षेत्र के विद्यालयों का भ्रमण किया गया है। शिक्षक अपने हितों की रक्षा के लिए सम्मिलित रूप से आंदोलन को सफल बनाएगा। बैठक में बस्ती में आंदोलन को सफल बनाने की जिम्मेदारी मारकंडेय सिंह को, संतकबीरनगर में संजय द्विवेदी को व सिद्धार्थनगर में राम पूजन सिंह को सौंपा गया। बैठक में पुरानी पेशन को बहाल करने, वित्त विहीन को मानदेय देने, तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करने, चिकित्सा भत्ता देने, मूल्यांकन पारिश्रमिक दर बढ़ाने, स्थानांतरण करने आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान प्रधानाचार्य गिरिजेश कुमार श्रीवास्तव, राम पूजन सिंह, संजय द्विवेदी, योगेश कुमार शुक्ला ,दिग्विजय सिंह, अवधेश सिंह, अरुण त्रिपाठी, रमेश चंद गुप्ता, राज धारी पाल, दिनेश चंद्र यादव, विकास सिंह, अजय शुक्ला, इंद्र बहादुर, सच्चिदानंद पांडे, दिनेश कुमार यादव, रामेंद्र प्रसाद पांडे, फागु लाल गुप्ता, अजय शुक्ला, धर्मेंद्र चौधरी, चौधरी, डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ सुरेंद्र चौधरी,जितेंद्र जितेंद्र शाही, आदित्य प्रताप सिंह, राजित राम वर्मा अन्य लोग मौजूद रहे।



# भाजपा कार्यालय पर महिलाओं का होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश
गोरखपुर। भाजपा महानगर महिला मोर्चा व क्षेत्रीय महिला मोर्चा ने बेनीगंज स्थित भाजपा कार्यालय पर महिलाओं का होली मिलन कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किया गया जिसमें महानगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्वेता श्रीवास्तव क्षेत्रीय अध्यक्ष अमिता गुप्ता के साथ ही साथ महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री चित्रा देवी व क्षेत्रीय कार्य समिति की सदस्य रीता गुप्ता ने सक्रिय भूमिका निभाई और उपस्थित अन्य महिला पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल लगाते हुए गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं व एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए पार्टी को निकाय चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। उपस्थित सभी महिलाओं ने यह विचार व्यक्त किया कि ऐसे सफल कार्यक्रम से आपस मे मेल जोल की भावना उत्पन्न होती है और हम सभी मेल जोल को बनाये रखने का प्रयास भी करते रहेंगे। इस अवसर पर रत्नेश मौर्या, मीनू गोयल, दीपा पांडेय, मीना श्रीवास्तव, गायत्री देवी की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।



# महारास योगियों एवं साधकोँ के लिए भक्ति का मार्ग है : स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री

**■ श्री मद भागवत कथा के छठवें दिन स्वामी जी ने सुनाया उद्धव गोपी प्रसंग**

दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज वार्ड नम्बर 13 लक्ष्मण नगर में चल रहे श्री मद भागवत कथा के छठवें दिन श्री अयोध्या धाम से पधारे पूज्य स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री महाराज ने उद्धव, और गोपी प्रसंग का रसपान कराया द्यइस प्रसंग को सुनाते हुए महाराज जी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के मनोरथ को पूर्ण करने के लिए महारास किया, महारास भक्त और भगवान के मिलन का एक साधन है, आत्मा का परमात्मा से मिलन ही महारास है द्यमहारास योगियों के एवं परम साधकों के लिए भक्ति का मार्ग है, महारास की कथा से ही परमात्मा को पाया जा सकता है महाराज जी ने बताया कि महारास की कथा सुनने से शक्ति प्राप्त होती है द्यउद्धव और गोपी प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने बताया कि उद्धव ब्रह्म ज्ञानी थे, उद्धव जब वृन्दावन में आये तो गोपियों ने प्रेम का दिव्य ज्ञान देकर ज्ञानी उद्धव को प्रेमी बनाकर मथुरा वापस भेजा भगवान श्री कृष्ण द्वारिका जाकर द्वारिकाधीश बने और रुक्मिणी के साथ विवाह किया कथा के छठवें दिन माँ रुक्मिणी और भगवान श्री कृष्ण का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर पूज्य स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री महाराज जी के साथ यज्ञ आचार्य सूरज कृष्ण शास्त्री, चंद्र कांत शास्त्री, शुभम शास्त्री और मुख्य यज्ञ मान श्याम लाल यादव, मधुसूदन अग्रहरि, अजय यादव, पवन, आशीष, तिलक बाबा, देवांश, रामबली, विनोद, अनिल, राजेश, अनुज आदि समेत तमाम महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।



# साहब मेरे बेटे को सऊदी से मंगवा लो बंधुआ मजदूर बनाकर करवाया जा रहा है काम

## बाप ने रो-रोकर अधिकारियों से की फरियाद साहब मेरे बेटे को मंगवा दो

दैनिक बुद्ध का संदेश
मोतीगंज गोंडा। साहब मेरे बेटे को सऊदी से मंगवा लो, बंधुआ मजदूर बना कर काम लिया जा रहा है। सारे कागजात जब्त है। छल पूर्वक नौकरी के नाम पर उसे बतौर पर्यटक भेज दिया गया है। कुछ इसी तरह से अपनी पीड़ा व्यक्ति करते हुए पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने मामले में संलिप्त आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए मनकापुर पुलिस को निर्देशित किया। जनपद बलरामपुर के रेहरा बाजार थाना अंतर्गत बढ़या फरीदखाँ के मजरे शंकर डिहवा गांव निवासी रामदेव वर्मा पुत्र राम प्रसाद वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में कहा है कि उसका 23 वर्षीय पुत्र अंकित वर्मा को मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी लवकुश मौर्या पुत्र त्रिवेनी मौर्या ने वर्ष 2022 के अक्टूबर माह में नौकरी दिलाने का झांसा देकर टूरिस्ट वीजा पर डेढ़ लाख रुपए लेकर विदेश ओमान (सउदी अरब) भेज दिया था। बीजा समाप्त होने के बाद लड़के पर 1,07,000६– रुपया का जुर्माना हो गया है। पीड़ित के लड़के ने जरिये वाट्सअप काल पर जानकारी देते हुए बताया कि सरदार जी के यहां मुझे रखा गया है और काम लिया जाता है। तथा काम के एवज में मुझे कोई भुगतान नही दिया जाता है और पीड़ित के लड़के का सारा कागजात एम्बेसी में जमा है और पीड़ित तथा उसका लड़का जुर्माना भुगतान करने में सक्षम नहीं है। मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मनकापुर पुलिस ने पीड़ित पिता के तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।




# सरकारी गल्ला घटतौली पर एसडीएम तुलसीपुर से कोटेदारों ने की शिकायत

दैनिक बुद्ध का सन्देश
तुलसीपुर,बलरामपुर। जहां यूपी सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बात करती हैं तो वहीं पर विभागीय भ्रष्टाचार का बोलबाला देखा जा रहा है और अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक वसूली प्रथा और भृष्टाचार का पर्याय बने हुए हैं जिससे एक तरफ सरकार की छवि धूमिल हो रही है साथ में इसका भुगतान जनता जनार्दन की भी झेलना पड़ रहा है मामला खाद्य पूर्ति विभाग तुलसीपुर का है जहां पर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के मिलीभगत से एक बड़ा खेल का खुलासा हुआ है इसमें होम डिलीवरी के नाम पर विभाग गल्ला कोटेदार के घर तक पहुंचाने की बात तो करता है लेकिन घर तक ना पहुंचा मुख्य मार्ग पर बड़े वाहनों लाकर उन्हें डीलीवरी होता है और उसके बाद कोटेदारों को अपने खर्चे से गल्ला अपने दूकानों तक लेजाना पड़ता है जिससे गल्ला ले जाने में वाहन खर्च का भुगतान कोटेदार को करना पता है जबकि नियमतः तो यह है कि कोटेदार के दूकान तक गल्ला पहुचांने की जिम्मेदार वह संस्था है जिसने गल्ला पूर्ति के ठेकेदार है।तो वही सरकारी गल्ला पहुचाने के नाम पर कोटेदारों को 2 कुंटल से लेकर 4 कुंतल तक गल्ला कम देने के बाद भी सामने आ रही है जिसपर संबंधित अधिकारी ठेकेदारों के बचाव करते हुए अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आ रहे हैं जिससे से स्थानीय कोटेदार को भी काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और वह सरकारी गल्ला कार्ड धारक को कम देने पर मजबूर है और कार्ड धारक को एक किलो से लेकर 2 किलो तक प्रति कार्ड कोटेदार गल्ले की कटौती करता हुआ दिखाई दे रहा है इस पर कार्ड धारकों की शिकायत भी जायज है कि उन्हें गल्ला कम दिया गया है लेकिन जब कोटद्वार को गल्ला कम दिया जा रहा तो वह गल्ले की भरपाई कैसे करें इस संबंध में जब कोटेदारों ने घटतौली पर एसडीएम तुलसीपुर से शिकायत की तो मामले को एसडीएम तुलसीपुर को शिकायत की जिसपर मामला सुलझाने की बात की है और पुनः गल्ला रिकवरी कर उनको देने के बाद करते हुए दिखाई दे रहे हैं लेकिन सवाल यह है जब विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त और उनका संरक्षण जब ठेकेदार के मिलना है तब फिर अंकुश कैसे लगे।

# वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह में मेधावियों का हुआ सम्मान

## पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने मेधावियों को मेडल देकर किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में गुरुवार को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा एमपी तिवारी, सह निदेशक इं. आकाश तिवारी, संस्था के अध्यक्ष डा पीएन तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी एवं अंशिका तिवारी ने आये हुए मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की छात्रा अर्पिता, कृष्णा, आदिती, आन्या राव, शगुन ने स्वागत गीत के माध्यम से किया।शैक्षणिक सत्र 2022–23 में शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले कक्षा नर्सरी से कक्षा एक तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं में कक्षा नर्सरी से रीत शुक्ला प्रथम, अनय शुक्ला द्वितीय तथा उत्कर्ष सिद्धार्थ ने तृतीय स्थान, कक्षा एलकेजी अ ग्रुप से अक्षत श्रीवास्तव प्रथम, अभिषेक शुक्ला द्वितीय तथा अक्ष सिंह ने तृतीय स्थान वहीं ब ग्रुप से काव्या पाण्डेय प्रथम, आराध्या यादव द्वितीय तथा अनघा द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी अ ग्रुप से एंजल सिंह प्रथम, आदित्य राज मिश्रा द्वितीय तथा एनिउल हक ने तृतीय स्थान तथा ब ग्रुप से मोहनी तिवारी प्रथम, प्रज्ञा यादव द्वितीय तथा मो जिशान ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा एक अ ग्रुप से आव्या प्रथम, आरूष शुक्ला द्वितीय तथा अमन पाण्डेय ने तृतीय स्थान तो ब ग्रुप से कार्तिकेय सिंह ने प्रथम, अवन्तिका चौधरी द्वितीय तथा विराट मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा पूर्व सांसद व वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती एवं गोविन्द राम जिला विद्यालय निरीक्षक, बलरामपुर द्वारा रिपोर्ट कार्ड व मैडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान मेधावियों के उत्साह वर्धन के लिए नन्हे मुन्ने बच्चों ने सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसी क्रम में शैक्षणिक सत्र 2022–23 में शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले कक्षा दो से कक्षा पांच तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की



कामना की। इस दौरान समूह नृत्य गीत एवरी टाइम वी टच सनसाइन नामक गीत पर श्रेया, आशी, आरोही, आव्या तथा श्रृष्टि ने प्रस्तुति दी। इसी क्रम में शैक्षणिक सत्र 2022–23 में शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले कक्षा छह से कक्षा आठ तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं में कक्षा छह के अ ग्रुप से अनय श्रीवास्तव प्रथम, प्रीजोत मोदनवाल द्वितीय तथा गौरी शुक्ला ने तृतीय स्थान ब ग्रुप से आदर्श गोविन्द श्रीवास्तव प्रथम, उत्कर्ष कशौंधन द्वितीय तथा अंश चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात के अ ग्रुप से शिवेन्द्र शुक्ला प्रथम, अंश मिश्रा द्वितीय तथा अंश पाण्डेय ने तृतीय स्थान ब ग्रुप से अपराजिता मिश्रा प्रथम, शुभांगी मिश्रा द्वितीय तथा शोभित श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा आठ के अ ग्रुप से यशी पाण्डेय प्रथम, पूर्वी गुप्ता द्वितीय तथा कुदेशिया खान तृतीय स्थान ब ग्रुप से मान्या श्रीवास्तव प्रथम, आयुश श्रीवास्तव द्वितीय तथा आकृति श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्र–छात्राओं को सह निदेशक इं. आकाश तिवारी, विद्यालय के अध्यक्ष डॉ पीएन तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी एवं ललिता तिवारी आदि सम्मानित अतिथियों ने रिपोर्ट कार्ड व मैडल देकर सम्मानित किया। समूह नृत्य गीत बेवकूफआजाद है जीना मुझे नामक गीत पर सादमा, तेजस्वी, आरोही ने सुन्दर प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कक्षा नौ एवं कक्षा 11 के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं में कक्षा नौ अ ग्रुप से जितेन्द्र वर्मा प्रथम, ओम पाण्डेय द्वितीय तथा माशू श्रीवास्तव तृतीय स्थान प्राप्त किया। ब ग्रुप से शोभित यादव प्रथम, अनमोल त्रिपाठी द्वितीय तथा कार्तिकेय मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 से प्रियंका मोदनवाल प्रथम, ओजस्वी श्रीवास्तव द्वितीय तथा बाशित खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्र–छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। के क्रम में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने कहा कि पायनियर पब्लिक स्कूल जिले की एक अग्रणी शैक्षिक संस्था है। जहां छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा का माहौल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पहले केवल स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के रिपोर्ट कार्ड ही जारी होते थे लेकिन जब से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से सभी का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड जारी होने लगा है। उन्होंने सभी मेधावी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर एमपी तिवारी आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सह निर्देशक आकाश तिवारी, संस्था के अध्यक्ष डा पीएन तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी, अंशिका तिवारी, उप प्रधानाचार्य आशुतोष मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, शिखा पाण्डेय अध्यापकगण राघवेन्द्र त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा।

## विगत 3 वर्षों से उपेक्षा का शिकार झारखंडी रोडवेज बस मार्ग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद मुख्यालय के प्रमुख मार्गों में सुमार झारखंडी रोडवेज बस अड्डा मार्ग विगत कई वर्षों से नगर वासियों को मुंह चढ़ा रहा है सड़कों की जो दशा है वो बरसात होते ही तालाब में तब्दील हो जाता हैं ऐसा भी नहीं कि उक्त मार्ग शहर किसी किनारे या ऐसी जगह पर है जहां लोगों का आना जाना कम हो या लोगों की नजर ना पढ़ती हो नगर के बीचो बीच स्थित उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम का बस अड्डा जहां से प्रदेश के कई प्रमुख नगरों को बसे आती जाती हैं जिससे उक्त मार्ग पर यातायात का भी भारी दबाव बना रहता है इसके बावजूद यह मार्ग विगत कई वर्षों से उपेक्षा का शिकार है जिसके लिए नगर वासियों को रोज इस से दो चार होना पड़ता है उक्त मार्ग पर रिक्शा टेंपो आदि कतराते रहते हैं ऐसे में नगर पालिका प्रशासन जनहित में उक्त मार्ग का निर्माण शीघ्र से शीघ्र कराएं जिससे आम लोगों को राहत मिल सके।

## भिखारी मुक्त काशी अभियान में जुटी योगी सरकार

दैनिक बुद्ध का संदेश

**■ भीख मांगने में लिप्त लोगों की पहचान, उनके सरंक्षण, काउन्सलिंग व पुनर्वास के लिए योगी सरकार ने दिये दिशानिर्देश**

वाराणसी। जी 20 सम्मेलन के पहले काशी भिखारियोंसे मुक्त दिखेगी। योगी सरकार इसके लिए अभियान चला रही है। जी 20 सम्मेलन के लिए दुनिया के 20 ताकतवर देशों के मेहमान काशी में जुटेंगे। विश्व में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक पहचान रखने वाली काशी अपने नाम के अनुरूप दिखे इसके लिए योगी सरकार काशी का कायाकल्प कर रही है। सरकार भिखारी मुक्त काशी अभियान चला रही है। जिससे जी 20 के मेहमानों के साथ ही दुनिया भर से आने वाले पर्यटक काशी की अच्छी छवि साथ लेकर जाए। भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों की पहचान ,संरक्षण काउंसलिंग व पुनर्वास, करा रही है। भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी काशी में पूरे विश्व से सदियों से पर्यटकों आते रहे है। काशी के कायाकल्प और नव्य भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद दुनिया भर के पर्यटकों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। जी –20 समेलन में काशी आने वाले विशिष्ट मेहमान व पर्यटक काशी की खघ्राब छवि साथ न ले जाए इसके लिए योगी सरकार काशी को भिखारियों से मुक्त रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी जीआर प्रजापति ने बताया कि इस अभियान में थानेवार 6 टीम लगी है, जिसमे अलग अलग विभागों के 8 से अधिक सदस्य हैं। खासतौर पर मंदिरों, घाटों और अन्य भिख मांगने वाले जगहों पर अभियान चलाया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम 1975 के तहत भिक्षा मांगना अपराध है। इसके लिए भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों को स्वाभिमान पढ़ाने के साथ ही उनकी काउन्सलिंग की जा रही, जिससे दोबारा भिक्षा न मांगे, लावारिस व दिव्यांगजन अशक्त भिक्षा मांगने वालों को स्वयं सेवी संस्था अपना घर आश्रम में, वृद्ध भिक्षुकों को वृद्धाश्रम में, अस्थायी रूप से रेस्क्यू किये गए भिक्षुकों को शेल्टर होम रखा जा रहा है। दूसरे जिले के भिक्षुकों को उनके गृह जिले में भेजा जा रहा है। भिखारियों का चिह्नीकरण, डाटा संकलन के साथ उनको सचेत किया जा रहा है। पुलिस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है की कोई भी भिक्षा मांगने के लिए किसी भी स्थान पर बैठा न मिले, पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करके ये सुनिश्चित करा रही है।

## जिलाधिकारी नें किया समिति व गोबर्धन सेल की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार की रात्रि में कैम्प कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला स्वच्छता समिति व गोबरधन सेल की बैठक की गयी, इस दौरान जिलाधिकारी ने पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय, ओ0डी0एफ0 प्लस की स्थिति, चयनित 15 मॉडल ग्राम की स्थितियों के प्रगति की समीक्षा खण्ड विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारियों से बारी–बारी से गहनता पूर्वक समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बनाये जा रहे व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी बी0डी0ओ0 व ए0डी0ओ0 पंचायतों से ली, तो यह तथ्य सामने आया कि शौचालय के निर्माण कार्य में काफी शिथिलता व लापरवाही बरती जा रही है, जिससे निर्माण कार्य की स्थिति ठीक नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बी0डी0ओ0 व ए0डी0ओ0 पंचायत को निर्देशित किया कि तत्काल



रूप से इस कार्य में तेजी लाया जाये, शौचालय के कार्य में जिस भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही बरती गयी है, उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाये, जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण समय–समय पर किया जाये, जिस स्तर पर शिथिलता व लापरवाही बरती जाती है, उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये, अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर दी जायेगी। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालयों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि कुछ ब्लाकों में संचालन की स्थिति ठीक नहीं है, इस कार्य में लगे डी0पी0सी0 रूचि लेकर काम नहीं करते हैं जो लापरवाही का द्योतक है, जिस पर जिलाधिकारी ने डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि इन लोगों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, इन लोगों का कार्य ठीक नहीं है, अपने कार्य में सुधार नहीं लाते हैं तो स्पष्टीकरण देने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही की जाये, इस मौके पर जिलाधिकारी ने पेयजल समस्या सम्बन्धी बैठक करते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में जनपद सोनभद्र का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप समरसेबल एवं कुएं सूख जाते हैं, जिसके लिए पूर्व में ही भूगर्भ जल के रिचार्ज की कार्य योजना बनाई गयी है, किन्तु जिला पंचायत राज अधिकारी व डी0पी0सी0 के शिथिलता बरतने के कारण इस कार्य में तेजी नहीं लाया गया है, जिस पर निर्देशित किया गया कि इस कार्य में तेजी लायी जाये, जिससे आने वाले समय में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहें और लोगों को पीने के पानी से निजात मिल सके, जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में जो बोर फेल हो गए हैं या खराब हो गए हैं उसको डिप बोरवेल रिचार्ज पीट बनाया जाये, जिससे कि बरसात का पानी बोरवेल के माध्यम से भूगर्भ जल में भेजा जा सके एवं भूगर्भ जल को रिचार्ज किया जा सके, चूंकि जनपद सोनभद्र पहाड़ी एरिया है इसलिए बरसात का पानी भूगर्भ जल को रिचार्ज नहीं कर पाता, पत्थर के नीचे के लेयर को रिचार्ज करने के लिए पानी को उसके नीचे भेजना पड़ेगा। इस दौरान गोबरधन सेल की बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गोबरधन योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में गाइडलाईन के तहत जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ग्राम पंचायत का चयन कर क्रियान्वयन किया जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, परियोजना निदेशक श्री आर0एस0 मौर्या, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारीगण, ए0डी0ओ0 पंचायतगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## दनकौर में हुआ अभिनव पर्व का आयोजन, डीएम मनीष कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दनकौर में हुआ अभिनव पर्व का आयोजन अभिनव पर्व का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने फीता काटकर विधिवत रूप से किया शुभारंभ देश के निर्माण में शिक्षकों का होता है महत्वूपूर्ण योगदानः डीएम डीएम ने अभिनव पर्व के अवसर पर लगायी गयी टी.एल.एम. प्रदर्शनियों का अवलोकन करते शिक्षक–शिक्षिकाओं के कार्यो की करी सराहना अभिनव पर्व में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भाषा, गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के टी.एल.एम. का किया प्रस्तुतीकरण अभिनव पर्व के अवसर पर विभिन्न स्कूलों से लगभग 150 छात्र–छात्राओं ने किया प्रतिभाग अभिनव पर्व में स्कूली छात्र–छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक व जागरूकता कार्यक्रम किए गए प्रस्तुत उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप शिक्षकों द्वारा टी. एल.एम. के माध्यम से किए गए शैक्षिक नवाचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दनकौर गौतम बुद्ध नगर में शैक्षिक मेलेध्अभिनव पर्व का आयोजन किया गया। आयोजित होने वाले अभिनव पर्व का डीएम मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर



फीता काटकर विधिवत से शुभारंभ किया गया। अभिनव पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत वर्षों में हमारी शिक्षा प्रणाली में काफी क्रांतिकारी सुधार हुए हैं, यह हमारे देश को आगे बढ़ाने और देश को मजबूत बनाने में बहुत ही सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में शिक्षकों का बहुत ही अहम योगदान होता है और बच्चे शिक्षकों को अपना आदर्श मानते हैं। इसलिए शिक्षकगण भी निर्धारित समय पर अपने–अपने स्कूलों में उपस्थित रहकर अपने दायित्व का निर्वहन करें ताकि बच्चों में अनुशासन के प्रति एक अच्छा संदेश जाता रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों का मन एक कोरे कागज की तरह होता है उस पर अध्यापक जो चाहे लिख सकते हैं, इसलिए अध्यापकगण बच्चों को अच्छे संस्कार सिखाएं और उनकों भविष्य में कामयाब व्यक्ति बनने के सपने दिखाएं तथा उनके सपनों को साकार करने के लिए उनको एक सही मार्गदर्शन देते रहें, ताकि बच्चे आप से प्रेरित होकर अपने भविष्य में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति करते हुए अपना भविष्य उज्जवल बना सकें। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षुओंधनिजी संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षिक नवाचारों की प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा किए गए शैक्षिक नवाचार की सराहना की गई। अभिनव पर्वध्शैक्षिक मेले में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं के द्वारा भाषा व गणित एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं के द्वारा भाषा व गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के टी.एल.एम का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं विभिन्न स्कूलों के लगभग 150 छात्र छात्राएं शैक्षिक मेले के पर्व पर उपस्थित रहे, जिनके द्वारा मिशन शक्ति, सोशल मीडिया जागरूकता कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, निपुण भारत आदि विषयों पर आधारित सांस्कृतिक व जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दनकौर के प्राचार्य राज सिंह यादव ने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजित होने वाले अभिनव पर्व के अवसर पर प्राथमिक व उच्च प्राथमिकता विद्यालय के लगभग 300 शिक्षक–शिक्षिकाओं तथा विभिन्न विद्यालयों के 150 छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि शैक्षिक नवाचारों को लेकर लगायी गयी प्रदर्शनी में डाइट कॉलेज दनकौर को प्रथम स्थान, कॉसमॉस कॉलेज को द्वितीय स्थान तथा जनहित कॉलेज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शैक्षिक नवाचारों की प्रदर्शनी में उच्च प्राथमिक विद्यालय मकोड़ा को प्रथम स्थान, उच्च प्राथमिक विद्यालय जौनसयाना को द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय जमशेदपुर को तृतीय स्थान तथा प्राथमिक विद्यालयों की शैक्षिक नवाचारों की प्रदर्शनी में प्राथमिक विद्यालय घोड़ी बछेड़ा को प्रथम स्थान, प्राथमिक विद्यालय चीरसी को द्वितीय स्थान एवं प्राथमिक विद्यालय नगला कंचन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एश्वर्या लक्ष्मी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दनकौर के प्राचार्य राज सिंह यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय के प्रचानाचार्यगण, शिक्षक–शिक्षिकायें तथा डायट कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सीने में जलन होने पर अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा आराम



सीने में जलन होना हार्ट अटैक के मुख्य लक्षणों में से एक है, इसलिए इसे नजरअंदाज करना जान को जोखिम में डालना है। हालांकि, गैस से संबंधित विकार भी इसका कारण हो सकते हैं। अगर यह समस्या गैस के कारण है तो कुछ घरेलू नुस्खे इसे दूर करने में प्रभावी हो सकते हैं। इसके साथ ही जीवनशैली में बदलाव और सही खान–पान जरूरी है। आइए आज आपको सीने की जलन को दूर करने वाले घरेलू नुस्खे बताते हैं।

बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

बेकिंग सोडा यानी सोडियम बाइकार्बोनेट को एंटासिड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सीने की जलन को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा पाउडर मिलाएं, फिर इसका सेवन करें। यदि आप एंटासिड, एस्पिरिन, विटामिन्स सप्लीमेंट्स या कोई अन्य दवा ले रहे हैं या आपको हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग या किडनी की बीमारी है तो इस उपाय को आजमाने से पहले डॉक्टरी परामर्श लें।

मुलेठी करेगी मदद

मुलेठी भी सीने की जलन को दूर करने में सहायक है। लाभ के लिए एक पैन में एक कप पानी गर्म करें और उसमें मुलेठी की सूखी जड़ के कुछ टुकड़े डालें। अब पानी को 5–10 मिनट तक उबालें, फिर इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और इसका सेवन करें। हालांकि, इस मिश्रण का के लंबे समय तक सेवन न करें क्योंकि मुलेठी से हाई ब्लड प्रेशर, कमजोरी और खून के थक्के जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

कैमोमाइल चाय पीएं: कैमोमाइल चाय सीने की जलन को शांत करने और पाचन तंत्र को ठीक करने में काम कर सकती है। लाभ के लिए एक कप उबलते गर्म पानी में एक कैमोमाइल टी बैग डालें, फिर चाय को गुनगुना होने पर पीएं। इस चाय को आप दिन में 2–3 बार पी सकते हैं। हालांकि, अगर आपको डेजी के पौधों से एलर्जी है तो कैमोमाइल की चाय का सेवन करने से बचें।

लेमन बाम भी है प्रभावी

लेमन बाम की पत्तियां भी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों को दूर करने में मदद कर सकती हैं। लाभ के लिए उबलते हुए गर्म पानी के गिलास में 5–6 लेमन बाम की पत्तियां डालें और इसे लगभग 5 मिनट के लिए ढककर रख दें। अब इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और इसका गर्मागर्म सेवन करें। यदि आप मधुमेह या थायराइड की दवा ले रहे हैं तो इस उपाय को आजमाने से पहले अपने डॉक्टर से पूछें।

एलोवेरा जूस करेगा मदद

एलोवेरा जूस का सेवन कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात दिलाता है। यह रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने, अच्छे कोलेस्ट्रॉल को नियमित करने, ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने और ब्लड प्रेशर को कम करने में भी सहायता प्रदान करता है। इसके साथ ही यह सीने की जलन से भी छुटकारा दिला सकता है। लाभ के लिए किसी भी समय एलोवेरा के जूस का सेवन करें और दिन में एक–दो बार इसका सेवन करें।

## रेड बिकिनी पहने नेहा मलिक ने किए सेक्सी कर्व्स फ्लॉन्ट, फोटोज देख आहें भरने लगे फैंस

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्डनेस के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच वायरल होने



लगती हैं। हाल ही में नेहा मलिक ने अपने बोल्ड लुक्स से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। नेहा मलिक हमेशा अपनी हॉटनेस का जादू सोशल मीडिया पर बिखेरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की हाई पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने बालकनी में रेड कलर की बिकिनी पहने हुए हॉटनेस का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। जिन्हें देखकर लोगों के दिलों की धड़कने बढ़ गई हैं। नेहा मलिक जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार लूटाते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के हुस्न के चर्चे हमेशा ही लाइमलाइट में रहते हैं। हालांकि इसी कारण फैंस को उनकी हर एक पोस्ट का इंतजार भी रहता है। लेटेस्ट तस्वीरों में भी नेहा मलिक का ग्लैमरस अंदाज देख कर हर कोई फिदा होते जा रहा है।




# सर्जरी के बाद दीपशिखा नागपाल ने शुरू की शूटिंग



फिल्म और टीवी एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल वर्तमान में श्ना उम्र की सीमा होच्च शो में नजर आ रही हैं। हाल ही में उनकी एक बड़ी सर्जरी हुई है। एक्ट्रेस ने इससे उबरने और काम फिर से शुरू करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, हाल ही में मैं फूड प्वाइजनिंग से बीमार हो गई थी, जिसके कारण मुझे पेट में बहुत दर्द हो रहा था। मैंने एक डॉक्टर से संपर्क किया जहां डॉक्टर ने मुझे जांच कराने के लिए कहा क्योंकि यह दर्द लगातार बना हुआ था। मैंने सोनोग्राफी कराई और पता चला कि मेरे पेट में सिस्ट हैं, जिसका आकार गर्भ में पल रहे 10 सप्ताह के भ्रूण के बराबर था। डॉक्टर ने मुझे इसे को हटाने की सलाह दी और बताया कि अगर इलाज नहीं किया गया तो सिस्ट (गांठ) मेरे स्वास्थ्य को और खराब कर सकती हैं।


चूंकि शो में एक बड़ा ड्रामा सीक्वेंस आने वाला था, इसलिए मैं अपने शेड्यूल से पूरी तरह से पैक थी, इसलिए बिना किसी को बताए मैंने अपने सीन के हिस्से को पूरा किया और अपने छुट्टी वाले दिन का इंतजार किया और फिर सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी करवाई।

दीपशिखा ने फिल्मों और टीवी दोनों में काम किया है। वह श्गैंगस्टरञ्, श्कोयलाञ्, श्बादशाहञ्, श्दिल लगीञ्, श्कॉपोर्रेटञ्, श्पार्टनरञ् जैसी फिल्मों का हिस्सा रही। फिल्में करने के अलावा, उन्होंने श्शक्तिमानञ्, श्विष्णु पुराणञ्, श्सीआईडीञ्, श्शरारतञ्, श्बाल वीरञ् और कई अन्य टीवी शो में भी काम किया। उन्होंने कहा, सर्जरी के बाद, डॉक्टर की सिफारिशों और परामर्श के साथ मैंने कुछ दिनों की छुट्टी ली और काम पर वापस आ गयी, जहां मैंने शो के अपकमिंग एपिसोड की शूटिंग को पूरा किया। मैंने बीच–बीच में आराम भी किया। जब क्रू मेंबर्स को मेरी सर्जरी के बारे में पता चला तो उन्होंने मेरा पूरा ख्याल रखा। पूरी टीम काफी मददगार है। मैं धीरे–धीरे ठीक हो रही हूं और एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए काम हमेशा प्राथमिकता है, चाहे कुछ भी हो जाए, शो चलते रहना चाहिए।

श्ना उम्र की सीमा होच्च का प्रसारण स्टार भारत पर होता है।

## फतेह में सोनू सूद के साथ नजर आएंगी जैकलीन फर्नांडिस, शुरू हुई फिल्म की शूटिंग

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद की एक्शन ड्रामा फिल्म फतेह की शूटिंग शुरू हो गई है। साइबर क्राइम पर आधारित इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडिस नजर आने वाली हैं। इस




फिल्म की शूटिंग पंजाब के अमृतसर में शुरू हुई है। सोनू सूद ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है। तस्वीरों में सोनू सूद जैकलीन फर्नांडिस के साथ नजर आ रहे हैं। जैकलीन के हाथों में क्लैप बोर्ड दिख रहा है, जिसपर फिल्म का नाम लिखा हुआ है। तस्वीरों के साथ सोनू ने कैप्शन में लिखा, मेरे अगले मिशन पर, फतेह। शूटिंग आज से शुरू। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए सोनू सूद ने कहा, ये फिल्म वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित है, जिसे मैंने लॉकडाउन के दौरान भी लोगों के साथ होते देखा है। जैकलीन फर्नांडिस ने कहा, स्क्रिप्ट को पहली बार पढने के बाद से, मैंने फैसला किया था कि मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं। अब जब हम फतेह की शूटिंग शुरू कर रहे हैं, तो मैं उत्साहित हूं। हमारे लिए एक ऐसी कहानी सामने लाने के लिए जिसे लोग वास्तव में पसंद करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन वैभव मिश्रा कर रहे हैं। फिल्म में सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडिस के अलावा शिवज्योति राजपूत और विजय राज भी अहम किरदार में हैं। यह फिल्म साल 2023 के अंत में रिलीज हो सकती है।

# बड़ा खतरा पैदा कर सकता है गंदा योगा मैट, साफ करने के लिए अपनाएं ये ट्रिक



खुद को फिट एवं सेहतमंद बनाए रखने के लिए लोग योग का सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते है कि गंदा योगा मैट इस्तेमाल करने से आपको कई प्रकार के इंफेक्शन हो सकते हैं। जिनके कारण आप बीमार तक हो सकते हैं। ऐसे में स्वयं को सेहतमंद बनाए रखने के लिए केवल योग ही नहीं बल्कि योगा मैट की साफ–सफाई पर भी ध्यान दें। आइए जानते हैं कैसे घर पर रहकर ही आप अपने योगा मैट को साफ कर सकते हैं ।

योगा मैट साफ करने के लिए फॉलो करें ये ट्रिक–

गुनगुने पानी का करें उपयोग– योगा मैट धोते वक्त सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपको गर्म पानी का उपयोग नहीं करना है। गर्म पानी से मैट धोने से वो खराब हो सकता है। गर्म पानी की जगह योगा मैट को साफ करने के लिए आप गुनगुने पानी का उपयोग करें। इसके लिए सबसे पहले एक टब में गुनगुने पानी के साथ डिशसोप या फिर कोई माइल्ड डिटर्जेंट डालें। तत्पश्चात, योगा मैट को इस पानी में लगभग 5–10 मिनट तक भिगोकर रखें। ऐसा करने से मैट पर जमा गंदगी निकल जाएगी।

स्पॉन्ज से करें साफ– भीगे हुए मैट से गंदगी साफ करने के लिए उसे कोने–कोने से स्पॉन्ज से रगड़ें। ऐसा करने से योगा मैट चमकने लगेगा।

साफ पानी में धोएं– योगा मैट रगडने के पश्चात् उसे साफ पानी में तब तक धोएं जब तक कि मैट पर से सारी गंदगी एवं साबुन न हट जाए। इसके लिए आप बाथरूम में नल के नीचे मैट को रख दें। मैट को सुखाएं– योगा मैट को सुखाने के लिए पैंट हैंगर का उपयोग किया जा सकता है।